


# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 129 | कोरबा, रविवार , दिनांक 08 फरवरी 2026 डाक 09 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा





# आतंकवाद पर कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं, नीति पूरी तरह स्पष्ट : पीएम मोदी

**कुआलालंपुर, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आतंकवाद पर भारत का रुख पक्का है -कोई दोहरा मापदंड नहीं और कोई समझौता नहीं और इस बात पर भी ज़ोर दिया कि नई दिल्ली आतंकवाद विरोधी, इंटेलिजेंस शेयरिंग और समुद्री सुरक्षा में मलेशिया के साथ सहयोग बढ़ाना जारी रखेगा। कुआलालंपुर में अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम के साथ एक संयुक्त प्रेस मीट को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा, सबसे पहले, मैं अपने दोस्त अनवर इब्राहिम को इस गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद देता हूं। पिछले साल, मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ पाया था, लेकिन मैंने अपने प्यारे दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द ही मलेशिया आऊंगा। 2026 की अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए, मैं मलेशिया आया हूं। भारत-मलेशिया के खास संबंधों पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा, हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से, हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे संबंध रहे हैं। आज, मलेशिया दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है जहां भारतीय मूल की आबादी है। हमारी सभ्यताएं साझा सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने पिछले कुछ सालों में भारत-मलेशिया संबंधों को नई गति देने में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए मलेशियाई पीएम को श्रेय दिया। पीएम मोदी ने कहा, ऊर्जा, इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग में हमारा सहयोग मज़बूत हुआ है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, बायोटेक और आईटी में भी आपसी निवेश बढ़ा है। पर्यटन और लोगों के बीच संबंध भी गहरे हुए हैं। इन उपलब्धियों से प्रेरणा लेते हुए, हमने अपनी साझेदारी में अभूतपूर्व गति और गहराई लाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आतंकवाद विरोधी, इंटेलिजेंस शेयरिंग और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को मज़बूत करके दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा, हम रक्षा सहयोग को भी और ज़्यादा व्यापक बनाएंगे। एआई और डिजिटल टेक्नोलॉजी के साथ, उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा में साझेदारी को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, आज आयोजित सीईओ फोरम ने व्यापार और निवेश के नए अवसर खोले हैं। हम रणनीतिक विश्वास के ज़रिए आर्थिक बदलाव का रास्ता बनाएंगे। आतंकवाद पर, पीएम मोदी ने कहा, हम सभी शांति बनाए रखने के प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेंगे। हालांकि, आतंकवाद पर हमारा रुख बहुत पक्का है - कोई दोहरा मापदंड नहीं और कोई समझौता नहीं। मैं भारत-मलेशिया संबंधों को बढ़ाने के लिए आपकी (मलेशियाई पीएम इब्राहिम) प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। मुझे उम्मीद है कि हम मिलकर समृद्ध मलेशिया और विकसित भारत के संकल्पों को हासिल करने की दिशा में काम करना जारी रखेंगे। पीएम मोदी ने मलेशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय को दोनों देशों के बीच एक जीवित पुल बताया। उन्होंने कहा, कल मुझे मलेशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय से मिलने का मौका मिला। मेरे दोस्त PM अनवर इब्राहिम की मौजूदगी ने इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। 30 लाख लोगों का यह जीवित पुल एक बड़ी ताकत है। उनके कल्याण के लिए उठाए गए कदम हमारे संबंधों को मानवीय फोकस देते हैं।



## 5 की मौत, राजनांदगांव जांजगीर चांपा और सूरजपुर में सड़क हादसे

**रायपुर 08 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में 3 अलग-अलग हादसों में 5 लोगों की जान चली गई। राजनांदगांव में शनिवार (7 फरवरी) शाम बाइक सवार ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराए। हादसे में मामा-भांजे सहित 3 की जान चली गई। जबकि 2 अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी मड़ई मेला देख कर लौट रहे थे। दूसरा मामला जांजगीर चांपा जिले का जहां 3 ट्रेलर की टक्कर के बाद गाड़ी में आग लग गई। एक ट्रेलर ड्राइवर जिंदा जल गया, जबकि 1 घायल है। वहीं, तीसरी घटना सूरजपुर जिले की है जहां शनिवार रात तेज रफ्तार पिकअप ने दो बाइकों को टक्कर मार दी, जिसमें एक बाइक सवार ने मौके पर दम तोड़ दिया।



## राहुल गांधी ने भूपेश बघेल को मुश्किल में डाला : गृहमंत्री विजय शर्मा

**रायपुर, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

अमित शाह के दौरे पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, 31 मार्च 2026 से पहले की ये अंतिम बड़ी बैठक है, इस बैठक में lwe प्रभावित प्रदेशों के डीजीपी और पुलिस अधिकारी शामिल होंगे। Lwe क्षेत्र की बैठक के दो बड़े विषय है, 31 मार्च की डेडलाइन है, कैसे पूर्ण रूप से सशस्त्र नक्सलवाद से मुक्त हो। दूसरा एजेंडा बस्तर का रुका हुआ विकास कैसे शुरू करे। लाइवलीहुड से विकास की शुरुआत करेंगे। बस्तर पनडुम का आयोजन सम्पूर्ण बस्तर के संवर्धन के लिए आयोजित किया गया है। भूपेश बघेल ने पंजाब में कहा कि मोदी न किसान के साथ है न जवान के साथ - इस मामले में विजय शर्मा ने कहा, भूपेश बघेल को पहले राहुल गांधी से पूछना चाहिए कि उन्होंने सीखो को गद्दार कहा, की उस पर क्या कहना चाहिए। पंजाब में जाकर इस तरह की बात करने से पहले उन्हें राहुल गांधी से पूछ लेना चाहिए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं।

दौरे के तहत आज वे रायपुर के एक निजी होटल में विभागीय समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। इन बैठकों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। सुबह 11 बजे से बैठकों का सिलसिला शुरू होगा। कार्यक्रम के अनुसार पहली विभागीय समीक्षा बैठक 11 बजे से 12.45 बजे तक चलेगी। इसके बाद दूसरी समीक्षा बैठक 12.45 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक भोजन अवकाश रखा गया है।

## पोर्ट में पलटे ट्रेलर की ड्राइवर केबिन बरामद भारतीय नौसेना ने चलाया विशेष अभियान



**चेन्नई, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

चेन्नई पोर्ट के तटीय बर्थ के पास पानी में पलटे एक ट्रेलर की ड्राइवर केबिन को भारतीय नौसेना ने सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। इस अभियान में भारतीय नौसेना ने चेन्नई पोर्ट प्राधिकरण और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय करते हुए त्वरित और पेशेवर कार्रवाई की। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय नौसेना ने तुरंत एक विशेष गोताखोर टीम को राहत और बचाव कार्य के लिए रवाना किया। नौसेना के विभिन्न यूनिट्स से कुल पांच प्रशिक्षित गोताखोरों की विशेषज्ञ टीम को मौके पर तैनात किया गया। यूनिट में आईएनएस अड्यार भी शामिल है। भारतीय नौसेना की ओर से रविवार को जारी एक प्रेस नोट में बताया गया कि गोताखोरों ने पोर्ट अधिकारियों और सतह पर मौजूद रिकवरी टीमों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखते हुए पानी के भीतर सर्च और रिकवरी ऑपरेशन चलाया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद टीम ने व्यवस्थित तरीके से अभियान को अंजाम दिया, जिससे पूरी कार्रवाई सुचारू और प्रभावी ढंग से पूरी हो सकी। पोर्ट अधिकारियों और सतह पर मौजूद टीमों के साथ मिलकर काम करते हुए, गोताखोरों ने मृतक को सम्मानपूर्वक निकालने और पलटे हुए केबिन को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने का काम किया, जिससे पोर्ट का सामान्य कामकाज फिर से शुरू हो सका।

भारतीय नौसेना की त्वरित और पेशेवर कार्रवाई के चलते दुर्घटना में मृत व्यक्ति के शव को सम्मानजनक तरीके से बाहर निकाला गया। साथ ही, पानी में पलटी ड्राइवर केबिन को सुरक्षित रूप से बरामद कर लिया गया। नौसेना की इस कार्रवाई से चेन्नई पोर्ट पर सामान्य परिचालन को शीघ्र बहाल करने में भी मदद मिली। अधिकारियों ने भारतीय नौसेना की तत्परता और समन्वित प्रयासों की सराहना की है।

## हाईवे पर ट्रक-कार की भिड़ंत, तीन लोगों की मौत और चार घायल

**कुशीनगर, 08 फरवरी ।**

हाईवे पर ट्रक और कार के टकराने से कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई। चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने सीएचसी हाटा पहुंचाया है, जहां प्राथमिक इलाज के बाद चारों घायलों को बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। कार में सवार सात युवक हाटा नगरपालिका के वार्ड नंबर चार के अहिरौली तुलादास में एक पार्टी करके हाटा लौट रहे थे। हाटा कोतवाली से एक किलोमीटर पूरब हाईवे पर स्थित एक मैरेज हॉल के सामने कार में ट्रक ने टक्कर मार दिया।

इस घटना में हरी पुत्र पुरुषोत्तम 23 वर्ष, निवासी अहिरौली तुलादास नितीश पुत्र कृष्ण मुरारी 20 वर्ष, निवासी पिपरा कपूर व अमन पुत्र श्रवण वर्मा 26 वर्ष निवासी अहिरौली तुलादास की मौत हो गई। वहीं सूरज वर्मा 22 वर्ष निवासी अहिरौली तुलादास, शैलेश वर्मा 18 वर्ष निवासी हाटा खासमुकेश वर्मा 19 वर्ष निवासी अहिरौली तुलादास विकास वर्मा 26 वर्ष निवासी अहिरौली तुलादास को सीएचसी हाटा में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है।

## तोशाखाना केस में इमरान खान और बुशरा बीबी को मिली 17-17 साल की सजा

### कोर्ट ने करोड़ों का जुर्माना भी लगाया



**नईदिल्ली 08 फरवरी [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराते हुए 17-17 साल की सजा सुनाई है। यह मामला विदेशी सरकार से मिले महंगे तोहफों को नियमों के खिलाफ बेचने से जुड़ा है। दोनों पर करोड़ों रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। रावलपिंडी की हाई-सिक्योरिटी अदियाला जेल में स्थित विशेष अदालत ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। जज शाहरुख अरजुमंद ने इमरान खान और बुशरा बीबी को कुल 17 साल की सजा दी। अदालत ने उन्हें पाकिस्तानी दंड संहिता की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत 10 साल और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की अलग-अलग धाराओं में 7 साल की सजा सुनाई। इसके अलावा दोनों पर 1 करोड़ 64 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। अदालत ने उम्र और महिला होने को देखते हुए सजा में कुछ नरमी बरतने की बात कही। यह मामला 2021 में सऊदी अरब सरकार से मिले महंगे तोहफों से जुड़ा है। आरोप है कि इनमें महंगी घड़ियां, हीरे और सोने के गहनों के सेट शामिल थे, जिन्हें नियमों के अनुसार तोशाखाना में जमा नहीं किया गया। सरकार का कहना है कि इन तोहफों की असली कीमत करीब 7 करोड़ रुपये थी, लेकिन उनका मूल्यांकन सिर्फ 58-59 लाख रुपये दिखाया गया। आरोप है कि इमरान खान और बुशरा बीबी ने इन्हें बेहद कम कीमत पर खरीदने की कोशिश की। तोशाखाना कैबिनेट डिवीजन के तहत आने वाला विभाग है, जहां विदेशी नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों से मिले तोहफे जमा किए जाते हैं। तय नियमों के तहत इन्हें बाद में खरीदा जा सकता है।इस केस में कुल 21 गवाहों ने अदालत में बयान दिए।

## कर्नाटक कांग्रेस महात्मा गांधी को राम से अलग करने की कोशिश कर रही: बसवराज बोम्मई



**गदग (कर्नाटक) 08 फरवरी।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा सांसद बसवराज बोम्मई ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर महात्मा गांधी को भगवान राम से अलग करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने जी राम जी योजना के फायदों को गिनाने के लिए एक बड़े जागरूकता अभियान का आह्वान किया। इसके साथ ही, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में कथित भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए। बसवराज बोम्मई ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्र की आत्मा हैं। साथ ही, भगवान राम गांधी की आत्मा थे। उन्होंने आरोप लगाया, दोनों को अलग करना असंभव है, लेकिन राज्य सरकार ऐसा करने की कोशिश कर रही है। बोम्मई ने कहा कि देश ने महात्मा गांधी से सत्यमेव जयते और सत्य की खोज में उपवास दो मुख्य सिद्धांत सीखे। उन्होंने कांग्रेस पर गांधी के नाम का दुरुपयोग करने और उनके आदर्शों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का महात्मा गांधी से कोई वंश संबंध नहीं था। कांग्रेस ने ऐतिहासिक रूप से गांधी के मूल्यों का पालन किए बिना उनके नाम पर राजनीति की है। भाजपा सांसद ने कांग्रेस पर भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर को चुनाव में हराया गया। उन्हें कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया और उनकी मृत्यु के बाद दिल्ली में उनके स्मारक के लिए जमीन नहीं दी गई।

## एक महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म



**बलरामपुर।** जिले के रघुनाथ नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है जहां पर एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया है मां बच्चों की हालात अभी काफी अच्छा बताया जा रहा है। लेकिन एक बच्चे का वजन कम होने के कारण वाड्राफनगर सिविल हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेजा जा रहा है। डॉक्टर कृपा शंकर भगत ने बताया कि अभी जो बच्चे उसकी मां दोनों की हालत अभी नॉर्मल बताया जा रहा है। महिला के पति ने बताया कि आज हम लोग ग्राम पंचायत चकदेही के रहने वाले हैं इलाज के लिए रघुनाथ नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए हुए थे और जहां पर मेरी पत्नी तीन बच्चों को जन्म दिया है।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## सूरजकुंड मेला हादसा: एसएचओ जगदीश प्रसाद के परिवार को 1 करोड़ की मिलेगी मदद, हरियाणा DGP का ऐलान

**चंडीगढ़, 08 फरवरी [एजेंसी]।**



फरीदाबाद में आयोजित किए जा रहे सूरजकुंड मेला में शनिवार सायं लगभग 6.00 बजे एक झूला अचानक तकनीकी खराबी के कारण टूटकर गिर गया, जिससे कई लोग घायल हो गए। घटना के समय ड्यूटी पर तैनात निरीक्षक जगदीश ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए तत्काल बचाव कार्य प्रारंभ किया। लोगों को सुरक्षित निकालने के प्रयास के दौरान वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। डीजीपी अजय सिंघल ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और दिवंगत इंस्पेक्टर जगदीश की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। डीजीपी सिंघल ने कहा कि इंस्पेक्टर जगदीश के परिजनों को पॉलिसी के तहत 1 करोड़ रुपये की राशि तथा विभाग द्वारा दिए जाने वाले अन्य लाभ प्रदान किए जाएंगे और कहा कि हरियाणा पुलिस की तरफ से परिजनों की हर संभव मदद की जाएगी। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सूरजकुंड मेले में ड्यूटी के दौरान निरीक्षक जगदीश ने असाधारण साहस, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि अत्यंत चुनौतीपूर्ण और जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने कर्तव्यों से पीछे हटने के बजाय लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी तत्परता और बहादुरी के कारण कई लोगों की जान बचाई जा सकी, जो पुलिस सेवा की सर्वोच्च परंपराओं का जीवंत उदाहरण है।

डीजीपी ने कहा कि निरीक्षक जगदीश का योगदान और समर्पण सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा तथा उनका निधन पुलिस विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि विभाग परिवार के साथ इस कठिन समय में पूरी मजबूती से खड़ा है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

साथ ही, उन्होंने सभी घायलों के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके उपचार में किसी प्रकार की कमी न रहने दी जाए। दिवंगत निरीक्षक जगदीश जिला मथुरा (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले थे। उनका जन्म 05 मार्च 1968 को हुआ था। वे 31 जनवरी 2026 को पुलिस लाइन पलवल से सूरजकुंड मेला ड्यूटी हेतु नियुक्त किए गए थे।

## कैंसर से जंग हारे 3 Doors Down के लीड सिंगर, 47 की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** ग्रैमी-नॉमिनेटेड रॉक बैंड 3 डोर्स डाउन के लीड सिंगर ब्रैड अर्नोल्ड का शनिवार को निधन हो गया, कुछ महीने पहले ही उन्होंने बताया था कि उन्हें स्टेज 4 किडनी कैंसर का पता चला है। वह 47 साल के थे। बैंड ने एक बयान में कहा कि अर्नोल्ड कैंसर से अपनी बहादुरी भरी लड़ाई के बाद, अपने प्रियजनों से घिरे हुए, नींद में ही शांति से चल बसे। 3 डोर्स डाउन बैंड 1995 में मिसिसिपी में बना था और चार साल बाद उसे अपने हिट गाने क्रिप्टोनाइट के लिए ग्रैमी नॉमिनेशन मिला था।



## हरीश ने प्रमुख मेगा प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर प्रोत्साहित किया कर्मियों को

**कोरबा।** वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच को रफ्तार देने के उद्देश्य से साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन आज 7 फरवरी 2026 को तड़के कोरबा पहुँचे और कंपनी के प्रमुख मेगाप्रोजेक्ट्स का गहन निरीक्षण किया।सीएमडी श्री दुहन ने अपने दौरे की शुरुआत एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान गेवरा माइंस से की। उन्होंने यहां कोल हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) का निरीक्षण करते हुए कोयला डिस्पैच व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। लोडिंग, ट्रांसपोर्टेशन और आउटफ्लो सिस्टम की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने डिस्पैच प्रक्रिया को और अधिक सुचारु बनाने के निर्देश दिए।मानसून पूर्व तैयारियों के मद्देनज़र सीएमडी ने पम्पिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जल निकासी व्यवस्था, उपकरणों की उपलब्धता और ऑपरेशनल तत्परता की समीक्षा करते हुए संभावित चुनौतियों से समय रहते निपटने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पीएनसी पैच, सैनिक पैच और रुंगटा पैच का निरीक्षण किया, जहां दिनवार कोयला उत्पादन, ओवरबर्डन हटान तथा अन्य गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गईद्यनिरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन एफएमसी परियोजना का अवलोकन करते हुए श्री दुहन ने परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। गेवरा दौरे के दौरान कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री हिमांशु जैन भी सीएमडी के साथ उपस्थित रहे। इसके पश्चात सीएमडी श्री दुहन कुसमुंडा माइंस पहुँचे, जहां उन्होंने डिपार्टमेंटल पैच, गोदावरी पैच तथा नीलकंठ ए एवं बी संविदा पैच का निरीक्षण किया। यहां शेष दिनों में अधिकतम कोयला उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए दैनिक ओवरबर्डन बढ़ाने, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और कार्य निष्पादन में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान सीएमडी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही अत्यंत महत्वपूर्ण है, ऐसे में हर स्तर पर सतत निगरानी, बेहतर आपसी समन्वय और त्वरित निर्णय लेकर उत्पादन एवं डिस्पैच लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।उल्लेखनीय है कि सीएमडी हरीश दुहन रविवार को भी प्रातः गेवरा खदान के डिपार्टमेंटल पैच का निरीक्षण करेंगे, जिससे अंतिम तिमाही के लक्ष्यों को हासिल करने की रणनीति को और अधिक मजबूती मिल सकेगी।



## संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान दें कार्यकर्ता:जयसिंह

**कोरबा।** कोरबा विधानसभा के ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कोरबा विधानसभा क्षेत्र के चारों ब्लॉक अध्यक्षों एवं दशों मंडल अध्यक्षों को शपथ दिलवाया । पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बालको, दर्री - जमनीपाली, कुसमुण्डा, एवं कोरबा ब्लॉक के अध्यक्षों क्रमशः ए डी जोशी, राजेन्द्र तिवारी, बसंत चंद्रा, पालुराम साहु सहित मंडल अध्यक्षगण देवीदयाल सोनी, बुद्धेश्वर चौहान, रोपा तिर्की, इकबाल कुरैशी, सुरती कुलदीप, अश्वनी पटेल, सुकसागर निर्मलकर एवं प्रदीप जायसवाल, मनीष शर्मा एवं जवाहर निर्मलकर को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अभी आप सभी के लिए परीक्षा का समय है । आपको प्रदेश कांग्रेस एवं एआईसीसी कांग्रेस ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है । वर्तमान समय में कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता एवं आमजनों को बहुत ही सचेत रहने की जरूरत है, चाहे वह एसआईआर का मामला हो, धान खरीदी का मामला हो या फिर मनरेगा का मामला हो ।श्री अग्रवाल ने आगे बताया कि किस तरीके से कोरबा विधानसभा में फर्जी आवेदन लगाकर पात्र मतदाताओं के नाम विलोपित कराया जा रहा है, जो मूलतः कांग्रेस के विचारधारा को मानने वाले हैं । इस प्रकार से मनरेगा को नियमों में सुधार करने के नाम पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाया गया और ग्रामीणों के जीवनदायनी रोजगार गारंटी योजना को कमजोर किया गया है, वहीं पूरे प्रदेश भर में शुरू से लेकर अंत तक किसान धान खरीदी केन्द्रों के अव्यवस्था को लेकर परेशान रहे हैं । धान खरीदी बंद होने के बाद भी आज भी अनेकों किसान धान बेचने से वंचित रह गये हैं । श्री अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को बूथ स्तर पर जिम्मेदारी लेनी होगी । सभी नवनियुक्त ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि एआईसीसी का जो मुद्दा रहेगा, यहाँ पर सबको साथ लेकर उसी मुद्दे पर काम करेंगे, साथ ही बूथ स्तर पर कांग्रेस को और मजबूत करने की दिशा में काम किया जावेगा । समारोह को जिलाध्यक्ष मुकेश राठौर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु, इंटक अध्यक्ष रामइकबाल ने भी संबोधित किया । समारोह में दर्री - जमनीपाली के साथ कुसमुण्डा, बालको एवं कोरबा के कांग्रेस नेता उपस्थित थे । कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर जैन ने किया एवं आभार पूर्व जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने व्यक्त किया ।

## एसईसीएल दीपिका क्षेत्र में एटक यूनियन को लगा बड़ा झटका

**कोरबा।** एसईसीएल दीपिका क्षेत्र में एक माह पूर्व ही एटक यूनियन का क्षेत्रीय सम्मलेन हुआ है, बावजूद एटक यूनियन मे इन दिनों सब कुछ ठीक नही चल रहा है, हाल ही मे कुसमुण्डा क्षेत्र मे मजदूर आंदोलन पर एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष का समर्थन रहा है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय सचिव ने आंदोलन से किनारा कर अलग नजर आये थे, जो अखबारों मे प्रकाशित भी हुआ था, अब विवाद दीपिका क्षेत्र मे भी देखने को मिल रहा है, संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) एसईसीएल के केंद्रीय महामंत्री अजय विश्वकर्मा एवं दीपिका क्षेत्रीय सचिव विनोद यादव पर मनमानी ढंग से संगठन चलाने सहित 07 बिंदुओं पर आरोप लगाते हुये एटक के राष्ट्रीय महामंत्री कामरेड अमर जीत कौर को पत्र लिखकर एसकेएमएस (एटक) दीपिका क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य जीत सिंह, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य सत्येंद्र कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय सह-सचिव यज्ञेश कुमार द्विवेदी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय आवास समिति के सदस्य सुरेंद्र कुमार स्वर्णकार, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष व क्षेत्रीय खान के सदस्यों ने पद से सामूहिक इस्तीफा दिया है।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

### आरएईओ को लक्ष्य आबंटित कर गांव स्तर पर किसान चौपाल शिविरों का समयबद्ध आयोजन करने दिए निर्देश



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को योजना अंतर्गत गंभीरता से कार्य करते हुए कृषक समृद्धि से जुड़े निर्धारित सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने अधिकारियों से आगामी वर्ष के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करते हुए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने एवं जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने कृषि विभाग को सभी पात्र किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन पूर्ण कराने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड निर्माण के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही 'आरएईओ को लक्ष्य देकर गांव-गांव में शिविरों के माध्यम से किसान चौपाल आयोजित करने तथा उनका समयबद्ध शेड्यूल तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने किसान चौपाल में किसानो की आधार सीडिंग, भूमि सीडिंग, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत पात्र किसानों की पहचान एवं लक्ष्यपूर्ति जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जमीनी स्तर पर किसानों की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर की नियुक्ति कर विभाग के आरएईओ एवं रिसोर्स पर्सन को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। जिससे वे ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों को प्रशिक्षित कर सकें। कलेक्टर ने अगले एक वर्ष में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को वर्ष में एक फसल से द्वि-फसल लेने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आयल सीड, रामतिल की फसल क्षेत्र विस्तार के लिये इंटरक्रॉपिंग खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने एवं कोदो,रागी जैसे मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने, एरिया एक्सपेंशन हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आरएईओ, कृषि सखी एवं पशु सखी के समन्वित सहयोग से किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही। उन्होंने जिले में नए कृषक उत्पादक संगठन का गठन कर अधिक से अधिक किसानों को एफपीओ से जोड़ने हेतु निर्देशित किया। बैठक में श्री दुदावत ने पॉली बैग एवं शेडनेट खेती को बढ़ावा देने हेतु पात्र किसानों का प्रभावी चयन कर उन्हें सब्सिडी एवं योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत केज कल्चर को प्रोत्साहित करने, मछली पालन गतिविधियों में वृद्धि तथा तालाब-डबरी निर्माण के लिए फील्ड स्तर से अधिकाधिक पात्र किसानों की पहचान कर प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्य करने, टीकाकरण अभियान पूर्ण करने तथा इसके लिए अधिक शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने जिले में सिंचाई रकबा में बढ़ोत्तरी हेतु जल संसाधन विभाग को आवश्यक स्थानों में सिंचाई परियोजनाओं निर्माण की पहचान कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जिले में किसानों की फसलों के सुरक्षित भंडारण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्टोरेज एवं कोल्ड स्टोरेज से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी विभागों को दिए।बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी विभाग, जल संसाधन, उप पंजीयक सहकारी संस्थान, लीड बैंक मैनेजर, नाबार्ड तथा कृषि विज्ञान केंद्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मधुमक्खी पालन से खुला किसानों के आर्थिक समृद्धि का द्वार जिले में

**कोरबा।** जिला कोरबा में राज्य पोषित योजनांतर्गत परागण योजना के माध्यम से मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना ने विकासखण्ड पोंड़ी-उपरोड़ा के ग्राम कुटेश्वर, नगोई, बझेरा, सिंघिया और जुराली के किसानों के जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। कुछ वर्ष पहले तक ये किसान केवल धान की खेती पर निर्भर थे, जिससे उनकी आय सीमित रहती थी। मधुमक्खी पालन ने उन्हें कम लागत में अधिक लाभ कमाने का अवसर प्रदान किया और किसानों तथा युवाओं को नए स्वरोजगार से जोड़ा।

उद्यानिकी अधिकारी श्री पी एस सिंह ने बताया कि किसानों द्वारा उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर मधुमक्खी पालन की सभी आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त की गईं।

## 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर व्हीएलसीटीपीपी में अनेक कार्यक्रम

**सिंघीतराई।** वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) ने 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। संयंत्र परिसर, वेदांता टाउनशिप और आसपास स्थित स्कूलों में संचालित कार्यक्रमों से 3500 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए। अभियान के दौरान प्रतिभागियों को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया चलाने के दौरान हेलमेट पहनने, कार चलाने के दौरान सीट बेल्ट बांधने, सुरक्षित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाने के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा नशीले पदार्थों के सेवन से बचने के महत्व से परिचित कराया गया।सड़क सुक्षा माह के दौरान जागरूकता के लिए ड्राइव विथ ए सेल्फी प्वाइंट में अनेक भारी वाहन चालकों ने भाग लिया। व्हीएलसीटीपीपी संयंत्र परिसर में आने वाले वाहन चालकों के लिए विशेष कक्षाएं एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। वाहन चालकों का अल्कोहल परीक्षण हुआ। टाउनशिप में महिलाओं और आसपास स्थित स्कूल के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी स्पर्धा आयोजित हुई। मशीन गार्डिंग पर आधारित विशेष सुरक्षा संकल्प दिवस, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षा जागरूकता आदि अनेक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में व्हीएलसीटीपीपी और बिजनेस पार्टनर के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भागीदारी की। संयंत्र परिसर में सुरक्षा रैली आयोजित की गई जिसे व्हीएलसीटीपीपी के मुख्य प्रचालन अधिकारी श्री देवेंद्र कुमार पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अपने सुरक्षा संदेश में श्री पटेल ने व्हीएलसीटीपीपी के प्रत्येक सदस्य से सुरक्षा नियमों के पालन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा हम सब के लिए है। हम में से हर एक व्यक्ति सेफ्टी स्टीवार्ड है। हम अपने साथियों और परिवार के सदस्यों को यातायात नियमों से परिचित कराएं। कोई भी कार्य असुरक्षित परिस्थिति में न करें। हमें सुरक्षा को और भी मजबूत बनाना है। इस दिशा में हम सबको मिलजुल कर काम करना जरूरी है। श्री पटेल ने कहा कि सुरक्षा एक सामाजिक जिम्मेदारी है। दुर्घटना से व्यक्ति नहीं बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। परिवार के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को समझते हुए हमें अपने प्रत्येक कार्य में सुरक्षा को सर्वोपरि रखना चाहिए।सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित अभियान की प्रतिभागियों ने खूब सराहना की। वेदांता समूह भारत के सबसे बड़े निजी थर्मल ऊर्जा उत्पादकों में से एक है, जिसके पास 12,000 मेगावाट से अधिक थर्मल पावर उत्पादन करने की क्षमता है। देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने और उत्पादन में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए वेदांता पावर समर्पित है। वेदांता पावर के प्लांट मानसा, पंजाब (तलवंडी साबो पावर लिमिटेड), सिंघीतराई, छत्तीसगढ़ (वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट), तिरुपति, आंध्र प्रदेश (मीनाक्षी एनर्जी लिमिटेड) और झारसुगुड़ा, ओडिशा (झारसुगुड़ा आईपीपी प्लांट) स्थित हैं। इन संयंत्रों की कुल स्थापित क्षमता 4,780 मेगावाट है, जो देश भर में विभिन्न डिस्कॉम, उपयोगिताओं और उद्योगों को

## वित्तीय संस्थाओं के अधिकारियों की बैठक में जिलाधीश ने बकाया क्लेम निपटाने कहा



**कोरबा।** जिला स्तरीय समन्वय समितिएवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बेरोजगार एवं इच्छुक युवाओं द्वारा प्रस्तुत ऋण-आवेदनों का परीक्षण प्राथमिकता से कर अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत किए जाएँ, ताकि युवा स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले हितग्राहियों के ऋणों की शीघ्र स्वीकृति के निर्देश भी दिए।बैठक का संचालन एल.डी.एम. श्री कृष्ण भगत द्वारा किया गया, जिन्होंने उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों का स्वागत किया।बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग, अतिरिक्त कलेक्टर श्री ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री टी.आर. भारद्वाज, आरबीआई एलडीओ श्री अविनाश कुमार टोप्पो, नाबार्ड के डी.डी.एम. श्री एस.के. प्रधान, महाप्रबंधक श्री विजय कुमार करे, डी.एम.एम. श्री अनुराग जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सभी बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि शासन प्रायोजित योजनाओं (जीएसएस) के अंतर्गत प्राप्त वार्षिक ऋण लक्ष्यों को फरवरी 2026 के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, जिससे युवाओं, किसानों और सूक्ष्म-उद्यमियों को समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने जिले के आर्थिक विकास में बैंकिंग संस्थाओं की भूमिका को निर्णायक बताते हुए लक्ष्यों की उपलब्धि के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया। सभी शाखा प्रबंधकों ने निर्धारित समयावधि में लक्ष्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

बैठक में पीएमएसबीवाई एवं पीएमजेजेबीवाई योजनाओं के तहत लंबित दावों के त्वरित, पारदर्शी और सहानुभूतिपूर्ण निपटान के निर्देश दिए गए, ताकि दिवंगत हितग्राहियों के परिजनों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।आरबीआई एलडीओ श्री अविनाश कुमार टोप्पो ने आगामी फाइनेंशियल लिटरेसी वीक के प्रभावी आयोजन पर विस्तृत जानकारी देते हुए जिले के प्रत्येक नागरिक को वित्तीय साक्षरता से जोड़ने हेतु बैंकों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

नाबार्ड के डी.डी.एम. श्री एस.के. प्रधान ने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, विशेषकर कृषि संबंधी गतिविधियों में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने किसानों की आय वृद्धि हेतु जिले में किसान उत्पादक संगठन (थ्च्) के गठन को बढ़ावा देने की बात कही।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी बैंक पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत अधिकतम संख्या में ऋण स्वीकृत करते हुए समयबद्ध रूप से आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें।मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभागों ने अपने-अपने क्षेत्रों में केसीसी ऋण वितरण बढ़ाने का अनुरोध बैंकों से किया।

### छात्रों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**कोरबा ।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूली छात्रों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं, ताकि विपरीत हालात में भी साहस व धैर्य रख सकें। गवर्नमेंट हाईस्कूल तानाखार की छात्राओं को तुमान की कोच सुकृता केंवट ने प्रशिक्षण दिया। छात्राओं ने कोच के मार्गदर्शन में अपने आपको सुरक्षित करने के कौशल से अवगत कराया। प्रशिक्षण से छात्रों को आत्मनिर्भर व साहसी बनाना है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा, क्योंकि असुरक्षित वातावरण से बालिकाओं की पढ़ाई प्रभावित होती है। तानाखार स्कूल आत्मरक्षा प्रशिक्षण के कार्यक्रम को छात्राओं के अभिभावकों भी देखने पहुंचे ।

### मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति, भक्तों ने श्रीराम की झांकी के दर्शन किए

**बांकीमोंगरा।** हवन, सहस्त्रधारा व चढ़ौत्री के साथ सुराकछार बस्ती में तीन दिन से आयोजित अखंड रामायण का गुरुवार को समापन हो गया। धार्मिक आयोजन में बस्तीवासियों का बढ़-चढ़कर सहयोग रहा। क्षेत्र के मानस मंडलियों ने गायन व प्रवचन से भगवान राम की महिमा का गुणगान किया। सुराकछार विकास समिति के धार्मिक आयोजन में सुमेंधा वाले पंडित नरेश शर्मा ने पूजा संपन्न कराई। रविवार से सुराकछार बस्ती में तीन दिवसीय रामायण शुरू हुआ।

## 2.17 करोड़ से बालको जोन के कई वार्डों में हुआ निर्माण, मंत्री ने किया लोकार्पण

**कोरबा ।** नगर निगम के बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 47 एवं 39 को 02 करोड़ 17 लाख रूपए के विकास कार्यो की सौगात मिली, जिसमें नवनिर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण, विभिन्न वार्डो के 08 स्थानों पर आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण सहित सड़क, नाली व पाईप लाईन विस्तार के नवीन कार्य शामिल हैं।

प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री सह कोरबा नगर विधायक लखनलाल देवांगन एवं कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने इन विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। उन्होने पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य को पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 47 शिवनगर बिरसामुन्डा मोहल्ला में 25 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके करकमलों से किया गया। इसी प्रकार निगम द्वारा वार्ड क्र. 47 अंतर्गत शिवनगर बिरसामुन्डा बस्ती में 30 लाख रूपये की लागत से आर.सी.सी.नाली एवं सी.सी. रोड का निर्माण, बालको जोन के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर 01 करोड़ 04 लाख रूपये की लागत से 08 नग आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण, वार्ड क्र. 39 अंतर्गत रिंग रोड से रोहित घर तक एवं रिंकी घर से विबल साहू घर तक 41 लाख 66 हजार रूपये की लागत से ओ.पी.व्ही.सी. पाईप बिछाने का कार्य एवं वार्ड क्र. 47 अंतर्गत पॉलिटेक्निक कालेज बस्ती 16 लाख 48 हजार रूपये की लागत से ओ.पी.व्ही.सी. पाईप बिछाने का कार्य कराया जाना हैं, आज इन सभी कार्यो का विधिवत भूमिपूजन कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत के द्वारा किया गया।इस मौके पर कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्डवासियों व आमजन की मांग एवं आवश्यकता के अनुरूप वार्डो में विकास कार्य किए जाएं, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जनता जनार्दन की मांग को पूरा करना, मैं अपना प्रथम कर्तव्य समझता हूँ। उन्होने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान शिवनगर बिरसामुन्डा मोहल्ला के नागरिक बंधुओं एवं शिव फाउंडेशन के द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण की मांग मेरे समक्ष रखी गई थी, उनकी मांग का सम्मान करते हुए 25 लाख रूपये की लागत से यह भवन बनाया गया है, आज यह भवन यहाँ की जनता जनार्दन की सेवा के लिए समर्पित किया गया, अब बस्ती के लोगों को अपने विभिन्न आयोजनों, कार्यक्रमों के लिए एक सुविधापूर्ण स्थान उपलब्ध हो चुका है। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आशीर्वाद एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के मार्गदर्शन में कोरबा नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं हो रही है, जो भी प्रस्ताव मेरे द्वारा या महापौर के द्वारा उनके समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं, उन पर शीघ्र स्वीकृति मिल रही है, जिसके कारण कोरबा में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश में दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर लोगों के दुख दर्द को दूर किया है, तो वहीं देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में भी ऐतिहासिक रूप से कार्य हो रहे है। उन्होने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने अपने 15 वर्ष के मुख्यमंत्री काल में प्रदेश का ऐतिहासिक रूप से विकास किया, दर्जनों योजनाएं चलाई गयी और अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूरी इच्छाशक्ति व समर्पण के साथ छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा कर रहे हैं तथा उनके मार्गदर्शन में प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री तथा कोरबा के माटीपुत्र लखनलाल देवांगन कोरबा के विकास के लिए सदैव समर्पित रहे हैं, उन्होने कोरबा के विकास के लिए, वार्ड बस्तियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया है, यहाँ के विकास कार्यो हेतु उनके द्वारा लगातार फंड की व्यवस्था की जा रही है, हमारा सौभाग्य है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव का भी पूरा आशीर्वाद कोरबा के विकास के लिए लगातार प्राप्त हो रहा है। महापौर श्रीमती राजपूत ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि अपने जिस आशा व विश्वास के साथ मुझे एवं कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन को अपना आशीर्वाद दिया है, आपके उस विश्वास, आपकी उस उम्मीद को कभी खंडित नहीं होने दिया जाएगा तथा हम सदैव आपके सुख-दुख में आपके साथ खड़े नजर आएंगे, मैं यह विश्वास दिलाती हूँ। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा रविवार 08 फरवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी. नगर जोनांतर्गत एवं कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्र 09 में किए जाने वाले पेयजल व्यवस्था से जुड़े साढ़े 87 लाख रूपये के कार्यो का भूमिपूजन किया जाएगा, भूमिपूजन का यह कार्यक्रम टी.पी. नगर स्थित टैगोर उद्यान में दोपहर 03 बजे से आयोजित किया गया है।

## नंद घर ने बच्चों के लिए नॉन-इनवेसिव, AI-इनेबल्ड एनीमिया स्क्रीनिंग प्रोग्राम किया लॉन्च

**कोरबा ।** अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के तहत वेदांता ग्रुप की प्रमुख सामाजिक पहल नंद घर ने भारत भर के नंद घरों में एक नॉन-इनवेसिव, टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड एनीमिया स्क्रीनिंग प्रोग्राम शुरू करने घोषणा की है। इस प्रोग्राम का मुख्य फोकस 2-6 साल के बच्चों में एनीमिया का जल्दी पता लगाने और उसे रोकने पर होगा। ओडिशा में 531 और छत्तीसगढ़ में 262 नंद घरों के साथ, यह पहल सबसे वंचित समुदायों के हजारों छोटे बच्चों तक पहुंचने के लिए तैयार है, जिससे जमीनी स्तर पर निवारक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में काफी विस्तार होगा।

यह प्रोग्राम सुरक्षित, बच्चों के अनुकूल परीक्षण के लिए बिना खून निकाले, बिना सुई चुभाए स्क्रीनिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करेगा। -इनेबल्ड डेटा टूल रियल-टाइम ट्रैकिंग, शुरुआती जोखिम की पहचान और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को समय पर रेफरल में सहायता करेंगे। एनीमिया मुक्त भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 और पोषण 2.0 के तहत राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ मिलकर, यह पहल मौजूदा सरकारी प्रयासों को पूरा करते हुए सामुदायिक स्तर पर पोषण और स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना चाहती है।

स्क्रीनिंग से परे, यह पहल एनीमिया की रोकथाम के लिए एक समग्र, समुदाय-आधारित दृष्टिकोण



अपनाती है। यह देखभाल करने वालों के लिए पोषण परामर्श, व्यवहार परिवर्तन संचार, वाश (पानी, स्वच्छता और हाइजीन) जागरूकता, और फ्रंटलाइन स्वास्थ्य सेवाओं के साथ संरचित जुड़ाव को एकीकृत करता है, यह सुनिश्चित करता है कि पता चलने पर कार्रवाई हो और बच्चों के लिए स्थायी परिणाम मिलें।लॉन्च के अवसर पर नंद घर के सीईओ शशि अरोड़ा ने कहा की 'बचपन में एनीमिया पर अक्सर किसी का ध्यान नहीं जाता है, फिर भी इसके बच्चे के शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास पर स्थायी परिणाम हो सकते हैं। इस प्रोग्राम के माध्यम से, नंद घर एनीमिया स्क्रीनिंग को समुदायों के करीब ला रहा है, जबकि पारंपरिक परीक्षण से जुड़े डर और असुविधा को दूर कर रहा है। टेक्नोलॉजी को मजबूत जमीनी जुड़ाव के साथ मिलाकर, नंद घर एनीमिया का पता लगाने के लिए एक स्केलेबल और साक्ष्य-आधारित मॉडल बनाने का लक्ष्य रखता है जो बच्चों और देखभाल करने वालों दोनों का समर्थन करता है। 'इस पहल पर कमेंट करते हुए, वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा की 'नंद घर के ज़रिए, हम ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे क्षेत्रों में बच्चों को प्रभावित करने वाली गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वेदांता एल्युमिनियम में, हमारा मानना है कि औद्योगिक प्रगति और समुदाय की भलाई साथ-साथ चलती है, और यह प्रयास यह सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हर बच्चे को बढ़ने, सीखने और आगे बढ़ने का मौका मिले। 'एनीमिया भारत की सबसे लगातार सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बना हुआ है, जो छोटे बच्चों और महिलाओं को असमान रूप से प्रभावित करता है और शारीरिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, सीखने के परिणामों और समग्र भलाई के लिए लंबे समय तक जोखिम पैदा करता है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार, भारत में पांच साल से कम उम्र के 67.1 बच्चे, 15-19 साल की 59.1किशोर लड़कियां और 15-49 साल की 57 महिलाएं एनीमिक हैं।

## जैव विविधता के लिए सर्पों का संरक्षण जरूरी,जीतेन्द्र ने दिया ज्ञान

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत कुदमुरा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय में सर्प संरक्षण एवं सर्पदंश जागरूकता को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट एवं यूएसवी प्राइवेट लिमिटेड (सीएसआर) सहयोगी संस्था के रूप में सहभागी रहे।

कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सांपों की पहचान, उनकी पारिस्थितिकीय भूमिका, सुरक्षित रेस्क्यू प्रक्रिया तथा सर्पदंश की स्थिति में प्राथमिक उपचार की वैज्ञानिक जानकारी दी। साथ ही सर्पदंश से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए सही और सुरक्षित व्यवहार अपनाने पर जोर दिया गया। पीपीटी और डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से बच्चों को सांपों एवं अन्य वन्य जीवों के महत्व को सरल और रोचक तरीके से समझाया गया।

रेस्क्यू प्रमुख जितेंद्र सारथी ने पीपीटी प्रस्तुति के जरिए विषैले और विषहीन सांपों की पहचान, सर्पदंश होने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, इसकी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अंधविश्वास से दूर रहने और वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में करीब 200 से अधिक छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सहभागिता कर महत्वपूर्ण जीवन रक्षक जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सांपों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना और सर्पदंश जैसी आपात परिस्थितियों में सही व वैज्ञानिक व्यवहार के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

# महाशिवरात्रि पर विराट कांवर यात्रा का आयोजन

### *डोंगाघाट से पीथमपुर तक होगी यात्रा*



**जांजगीर चांपा ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर विराट कांवर यात्रा का आयोजन रखा गया है जिसमें डोंगाघाट चांपा से पीथमपुर तक यात्रा होगी। इस कांवर यात्रा का आयोजन जय बाबा कलेश्वर नाथ समिती द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है जो आयोजन 39 वा वर्ष है । कांवर यात्रा में यात्रीगण 15 फरवरी की सुबह 5 बजे डोंगाघाट हसदेव नदी से जल भरकर निकलेंगे और पीथमपुर पहुंचकर बाबा कलेश्वर नाथ में जल चढ़ाएंगे । आयोजन समिति ने अपील किया है कि यात्रा के लिए अपना नाम समिति के सचिव कालीदास महंत के पास एंट्री करा यात्रा का पुण्य लाभ उठावें।

ज्ञात हो कि विराट कांवर यात्रा का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है जिसमें बढ़- चढ़ कर लोग हिस्सा लेते हैं। वही पीथमपुर कालेश्वरनाथ मंदिर के सामने समिति के द्वारा प्रसाद वितरण किया जाता है। इस कांवर यात्रा में कालिदास महंत जो कि समिति के सचिव हैं की भमिका अहम होती है जो लोगों को बाबा से जोड़ने का कम करते हैं। महाशिवरात्रि का पर्व न केवल चांपा नगर वासियों का विशेष पर्व है बल्कि यह पूरे जिले में पूरे आस्था के साथ मनाया जाता है। पीथमपुर में स्थित बाबा कालेश्वरनाथ मंदिर प्राचीन मंदिर है जहां जांजगीर चांपा जिले से ही नहीं बल्कि आसपास पड़ोसी जिलों से भी भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। विराट कंवर यात्रा के सचिव कालिदास महंत ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति को कांवर यात्रा में शामिल होना है तो वह संपर्क कर अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

## दो कोयला लोड गाड़ियों में भीषण आग लगने के बाद एक चालक जिंदा जला, झुलसे दो लोग अस्पताल में दाखिल

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र के कोटगढ़ गांव में एक सड़क हादसे में कोयला से भरे तीन ट्रेलरों में आग लग गई। इस घटना में एक ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अकलतरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, एक ट्रेलर अकलतरा से बलौदा की ओर जा रहा था। रॉन्ग साइड से आ रहे दूसरे ट्रेलर से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तीसरे ट्रेलर ने भी उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के तुरंत बाद तीनों ट्रेलरों में आग लग गई।





**केबिन में फंसे ड्राइवर की मौत**

आग लगने के बाद एक ट्रेलर में फंसा एक ड्राइवर बाहर नहीं निकल पाया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य घायल ड्राइवरो को तत्काल अकलतरा अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है।

**3 घंटे के बाद बुझाई गई आग**

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद रही और यातायात को नियंत्रित किया गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### विदाई जीवन का चक्र हैः सारस्वत

**शिवरीनारायण।** श्री महन्त लाल दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवरीनारायण में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई उपलक्ष्य में आशीर्वाद समारोह हुआ। कार्यक्रम में सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रोफेसर वीके सारस्वत मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने की। राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि सारस्वत ने कहा कि धर्म जीवन जीने की पद्धति है।

## लूटपाट और हमला करने के मामले आरोपी पकड़ाया

**जांजगीर।** शिवरीनारायण और पामगढ़ क्षेत्र में लूट और जानलेवा हमलों की घटनाओं में शामिल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शनिराम गोड, उम्र 21 वर्ष, निवासी राहौद, थाना शिवरीनारायण के रूप में हुई है। आरोपी और उसके साथी 27 और 29 जनवरी 26 की रात को मोटरसाइकिल से शिवरीनारायण और पामगढ़ क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर राहगीरों को रोका था। आरोपियों ने राहगीरों से मारपीट की और मोबाइल और नकदी लूटकर फरार हो गए। दो दिनों में कुल 14 लोगों पर हमला किया गया, जिनमें कुछ को गंभीर चोटें भी आईं। लगातार हो रहीं घटनाओं से ग्रामीण और राहगीर भयभीत थे। आरोपी के विरुद्ध थाना शिवरीनारायण और थाना पामगढ़ में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के नेटवर्क और उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### वीबी जी राम जी योजना से अंचल में रोजगार का दायरा बढ़ेगा:वैष्णव

**जांजगीर।** वीबी जी राम जी योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का दायरा बढ़ेगा उक्त उदगार ग्राम सिवनी में भाजपा जिला सह संगठन प्रभारी राजेंद्र वैष्णव द्वारा भाजपा मंडल जांजगीर नैला द्वारा आयोजित कार्यशाला एवं सम्मेलन हुआ।उपस्थित ग्रामवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। भाजपा मंडल जांजगीर नैला द्वारा ग्राम सिवनी के राठौर भवन में विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान मंडल कार्यशाला एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेंद्र वैष्णव (जिला संगठन सह प्रभारी), मुख्य वक्ता रजनी साहू (उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक), अमर सुल्तानिया(संगठन प्रभारी जशपुर) ,मोहन यादव, आशु गोस्वामी, पंकज अग्रवाल, सनत पांडेय, राकेश रूपवानी, अनिल शर्मा, चंद्रकांता राठौर, एवं ग्राम वासियों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष हितेश यादव द्वार दिया गया। मुख्य अभ्यागत के रूप में उपस्थित राजेंद्र वैष्णव ने कहा विकसित भारत जी राम जी योजना एक क्रांतिकारी योजना है।

## बीए की टॉपर गौसिया को स्वर्ण पदक

**चांपा।** शासकीय एमएमआर कॉलेज चांपा में 4 फरवरी 2026 को आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा और गर्व का अवसर बन गया। पूरा परिसर उत्साह, सम्मान और उपलब्धियों के रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह रहीं। उन्होंने सरस्वती पूजन एवं छत्तीसगढ़ महतारी पूजन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भावनाओं से भर दिया।

समारोह का सबसे भावुक क्षण तब आया जब बीए अंतिम वर्ष की छात्रा गौसिया मेमन को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। माता-पिता की अनुपस्थिति में उनकी ओर से यह सम्मान श्रीमती कल्पना सिंह ने ग्रहण किया। यह दृश्य उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर गया।



गौसिया की सफलता पर शिक्षकों, साथियों और महाविद्यालय परिवार ने गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, परिश्रम और सपनों को नई दिशा देने वाला साबित हुआ। एमएमआर कॉलेज का यह आयोजन शिक्षा के साथ संस्कार और प्रेरणा का सशक्त संदेश बन गया।

### एंबुलेंस की आड़ में ट्रांसफार्मर चोरी, अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़

**जांजगीर-चांपा।** जिले की शिवरीनारायण पुलिस ने ट्रांसफार्मर और केबल वायर चोरी करने वाले एक अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में बिलासपुर क्षेत्र के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीब 17 लाख 30 हजार रुपये का चोरी का सामान जब्त किया गया है। यह गिरोह चोरी के लिए बोलेरो वाहन को एंबुलेंस बनाकर इस्तेमाल करता था।

आरोपी इतने शातिर थे कि वे चोरी के लिए एंबुलेंस लिखी गाड़ी का इस्तेमाल करते थे, ताकि किसी को उन पर शक न हो। वे पहले खराब ट्रांसफार्मर और केबल की रेकी करते थे, मोबाइल से फोटो खींचकर अपने साथियों को भेजते थे। इसके बाद रात में पिकअप वाहन और एंबुलेंस लिखी बोलेरो से ट्रांसफार्मर और केबल चोरी कर ले जाते थे।

शिवरीनारायण थाना में कनिष्ठ यंत्री मनोज कुमार सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि दुरपा गांव में 13-14 जनवरी की रात ट्रांसफार्मर से करीब 230 किलो कॉपर वायर चोरी हो गया। इसके बाद 22 जनवरी को लोहर्सी गांव में लगे ट्रांसफार्मर से 200 किलो कॉपर तार चोरी की एक और शिकायत मिली।

### माता रमाबाई अम्बेडकर के त्याग को किया याद

**सिवनी।** ग्राम पंचायत पाली में भीम आर्मी संगठन ने त्याग और धैर्य की प्रतिमूर्ति माता रमाबाई अम्बेडकर की 128वीं जयंती मनाई। समाज के विभिन्न वर्गों ने कार्यक्रम में पहुंचकर माता रमाबाई के संघर्ष और योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक इंदु बंजारे उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि राधेश्याम सूर्यवंशी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत पाली की सरपंच पूर्णिमा सुनील भावनी ने की। इंदु ने कहा कि बाबा साहेब को विश्व रत्न के रूप में पहचान दिलाने के पीछे माता रमाबाई का बड़ा त्याग और संघर्ष रहा। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने बाबा साहेब का साथ देकर शोषित समाज को न्याय दिलाने के संकल्प को मजबूत किया। सरपंच पूर्णिमा सुनील भावनी ने महिलाओं की शिक्षा और समाज में उनकी सक्रिय भूमिका पर जोर देते हुए माता रमाबाई को नारी शक्ति का प्रेरक प्रतीक बताया। राधेश्याम सूर्यवंशी ने सामाजिक एकजुटता और महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने की अपील की।

## सड़क सुधार का कार्य शुरू होने पर खत्म किया चक्काजाम

**जांजगीर।** थाना मुलमुला क्षेत्र के ग्राम आरसमेटा में ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत, बिजली, जलापूर्ति और स्थानीय विकास से जुड़ी अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर चक्काजाम करने आवेदन दिया था। थाना प्रभारी मुलमुला निरीक्षक पारस पटेल ने स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से संभालने के प्रयास शुरू किए।

उन्होंने एसडीएम अकलतरा, पीएमजेएसवाई के अधिकारी, न्यूमेको प्लांट और साईं लीलाधर प्लांट के अधिकारियों को बुलाकर संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में आरसमेटा, अमोरा, सोनसरी और परसदा के सरपंचों सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे। ग्रामीणों ने समस्याओं को विस्तार से बताया और समाधान की अपेक्षा जताई।



बैठक के दौरान दोनों प्लांट प्रबंधन ने ग्रामीणों की मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। सड़क मरम्मत कार्य तुरंत शुरू कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रस्तावित चक्काजाम वापस लेने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने कहा प्रशासन की सक्रियता से विश्वास बढ़ा है और उम्मीद है कि मांगों के समयबद्ध समाधान से क्षेत्र में विकास कार्यों की गति तेज होगी।

### ठेकेदार के मकान से 3.25 लाख की चोरी

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने ठेकेदार के सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी और जेवरात मिलाकर करीब 3 लाख 50 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब पड़ोसन ने घर का पीछे का दरवाजा खुला होने की जानकारी फोन पर दी।

सूचना मिलते ही ठेकेदार घर पहुंचा और चोरी की घटना सामने आई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड क्रमांक 9 बेहरापारा निवासी रविंद्र राय (54) ठेकेदारी का काम करते हैं। 4 फरवरी को वह अपने परिवार के साथ रायपुर गया था और घर में ताला लगा था। शुक्रवार की सुबह पड़ोसन ने उसे फोन कर बताया कि घर का पिछला दरवाजा खुला है।

## मछुआरा संघ ने अफसरों पर धमकी देने का लगाया आरोप



**जांजगीर।** राष्ट्रीय मछुआरा संघ ने मछली पालन विभाग कुलीपोटा, जांजगीर के एक अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष गायत्री गायग्वाल के नेतृत्व में मछुआरा समाज ने 3 फरवरी को अपने हक, रोजी-रोटी और अधिकारों को लेकर विभाग कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया था। संघ का कहना है कि नवीन मछुआ नीति 2022 में मछुआरा समाज को तालाब पट्टा देने की प्राथमिकता तय है, फिर भी कथित रूप से पैसे लेकर गैर-जातीय मछुआरों को जिलेभर में तालाब पट्टे दिए गए। इस मामले में सहायक संचालक को पहले लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। धरना के दौरान महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं थी। वे पीछे खाली स्थान की ओर गईं, जहां आरोप है कि अधिकारी ने मछुआरा समाज के लोगों से अभद्र भाषा में बात की और डराया-धमकाया। घटना के बाद आक्रोशित समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए और कलेक्टर व एएसपी जांजगीर को ज्ञापन सौंपा।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./निर्माण/2025 दिनांक 02.02.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.50 दर्री एच.टी.पी.एस. कॉलोनी स्थित जनता युनियन कार्यालय के पास अतिरिक्त कक्ष शौचालय सहित निर्माण (जि.ख.न्या.मद) (चतुर्थ निविदा) | 10.00 | 16.02.2026 (T.No.184832) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट **www.korbamunicipal.in** पर भी देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//




### भक्तों ने की जात-धोक पूजा, भजन-कीर्तन

**बिलासपुर।** रिंग रोड-2, बिलासपुर स्थित श्री राणीसती दादीजी के मंदिर का 21वां स्थापना वार्षिकोत्सव मनायागया। शनिवार को मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान व भजन संध्या हुई। सुबह 7 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण एवं आरती के साथ मंदिर के पट खुला।

## बजट 2026-27 ऐतिहासिक और अभूतपूर्व -धरमलाल

**जांजगीर चांपा।** वरिष्ट भाजपा नेता व विधायक धरमलाल कौशिक ने जांजगीर चाम्पा जिले मे आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की मज़बूत नींव रखने वाला ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बजट बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह 12वीं बार बजट प्रस्तुत हुआ है और श्रीमती निर्मला सीतारमण लगातार 9वीं बार बजट पेश करने वाली पहली महिला वित्त मंत्री हैं, जो देश के लिए गर्व की बात है यह बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने का महाकाव्य है। यह समाज की समृद्धि और संकल्पों की सिद्धि का बजट है - यह डेवलप्ड इंडिया का डायनामिक बजट है। प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता और विज़न से प्रेरित यह बजट वर्ष 2047 के आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध भारत की मजबूत नींव रख रहा है। किसान, युवा, महिला और गरीब देश की इन चारों जातियों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का यह बजट एक नया अध्याय लिख रहा है।

कि यह बजट विशेष रूप से गांव, गरीब, किसान, युवा और महिला इन सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं से गरीबी लगातार कम हो रही है और यह बजट गरीब को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।कहा कि लखपति दीदी योजना की सफलता को आगे बढ़ाते हुए बजट में सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर 'स॥श्व-मार्ट' की व्यवस्था की गई है। हर ज़िले में बहनों के उत्पादों को बेचने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में कम्युनिटी-ओन्ड रिटेल आउटलेट स्थापित होंगे, जहाँ स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण बहनों द्वारा तैयार उत्पादों को नया बाज़ार मिलेगा। उन्होंने कहा कि पशुपालन, कृषि से जुड़ी गतिविधियों और अन्य कार्यों में लगी बहनें अब केवल आजीविका तक सीमित न रहकर उद्यमी के रूप में आगे बढ़ सकेंगी, यही इस पहल का उद्देश्य है उक्त पत्रकार वार्ता मे पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े कमला पाटले प्रशांत सिंह ठाकुर अमर सुल्तानिया नंद चौधरी नंदनी रजवाड़े रेखा गढ़वाल चुन्नीलाल साहु रवि पांडेय पंकज अग्रवाल आशुतोष गोस्वामी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह विकास शर्मा अनिल शर्मा हितेश यादव संतोषी सिंह नरेंद्र कौशिक राकेश रूपवानी चमन शिव सिंह राहुल सेन सुशील सिंह उपस्थित रहे





### जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने सक्ती शाखा का किया निरीक्षण

**सक्ती।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह 7 फरवरी को अपने प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय सक्ती पहुंचे। यहां उन्होंने बैंक की सक्ती शाखा में पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की। शाखा प्रबंधक शैलेंद्र तिवारी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

अध्यक्ष रजनीश सिंह ने बैंक के विभिन्न विभागों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सक्ती शाखा के कार्यों, सुचारू व्यवस्था और किसानों व नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि बैंक में आने वाले प्रत्येक किसान और नागरिक को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

## नृत्य, संगीत व नाटक में दिखी संस्कृति की झलक

**सक्ती।** जेएलएन डिग्री कॉलेज सक्ती में हाल ही में 'अभ्युदय 2026' वार्षिक स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्रौपदी कीर्तन चंद्रा और विशिष्ट अतिथि कीर्तन चंद्रा व किशन देवांगन उपस्थित रहे। शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजा धर्मेंद्र बहादुर सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

अतिथियों को एनसीसी कैडेट्स ने सलामी दी। इसके बाद राज्यगीत का गायन हुआ। अतिथियों का स्वागत गुलदस्ते व प्रतीक चिह्न से किया गया। प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा ने महाविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है, जहां उन्हें अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। मुख्य अतिथि द्रौपदी कीर्तन चंद्रा ने कहा कि देश तकनीकी युग में तेजी से आगे बढ़ रहा है और युवा पीढ़ी नवाचार के साथ विकास की ओर अग्रसर है। विशिष्ट अतिथि कीर्तन चंद्रा ने राष्ट्रीय चेतना और युवाओं के योगदान पर जोर दिया, जबकि किशन देवांगन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

सक्ती शिक्षण समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र बहादुर सिंह सहित अमर अग्रवाल ने छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्राओं हनी बंसल (प्रथम), दीया कथुरिया (तृतीय), अंशिका अग्रवाल (छठवां) और अशी अग्रवाल (नौवां) को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रो. अजित जॉन ने आभार व्यक्त किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिनमें नृत्य, संगीत और नाटक शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र शुक्ल ने किया।



विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। क्रीड़ा अधिकारी नारायण उपाध्याय ने 29 जनवरी को वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें प्रतिभागियों को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रो. मंजू चंद्रा द्वारा 31 जनवरी को रंगोली और थाल सजाओ प्रतियोगिताएं कराई गईं। रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मेघनाथ जायसवाल के नेतृत्व में ग्राम जांजी में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन नारायण प्रसाद उपाध्याय ने किया।

### रायगढ़ में 2.50 लाख का गांजा जब्त

**रायगढ।** रायगढ़ में तस्कर ओडिशा से गांजा लाकर बिक्री कर रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर दबिश देकर घर में रखे 12 किलो 400 ग्राम गांजा और बिक्री की 3,500 रुपए कैश जब्त की है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 2 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि शहर के सोनूमुड़ा देवारपारा में रहने वाला गोविंद भट्ट उर्फ बुटू (55) गांजा तस्करी में शामिल है। सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर समेत टीम ने आरोपी के मकान की घेराबंदी कर दबिश दी।

पूछताछ के दौरान गोविंद भट्ट टालमटोल जवाब देने लगा। इसके बाद पुलिस ने मकान की तलाशी ली, जहां एक पेटी और डिब्बे में रखा 12 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने घर में गांजा रखकर बिक्री करना स्वीकार किया।



## अनमोल वचन......

**हर समस्या अपने साथ समाधान भी लाती है, बस देखने की नजर चाहिए।**

# वर्तमान एंव भावी पीढ़ियों पर बोझ

केंद्रीय आमदनी में कॉरपोरेट टैक्स का हिस्सा 18 फीसदी ही रह गया है, जबकि आम लोगों का कर योगदान 46 फीसदी पहुंच गया है। यह प्रतिगामी सूरत है। बजट से साफ है कि इसमें सुधार का कोई प्रयास नहीं किया गया है।

केंद्रीय बजट में 2026-27 में 53,47,315 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसका 24 फीसदी हिस्सा कर्ज लेकर जुटाया जाएगा। बाकी रकम टैक्स और गैर कर स्त्रोतों से आएगी। सरकार जो खर्च करेगी, उसका 20 प्रतिशत हिस्सा पहले से मौजूद कर्ज का ब्याज चुकाने में जाएगा। 22 प्रतिशत हिस्सा उगाहे गए कर में राज्यों का हिस्सा देने, 11 प्रतिशत हिस्सा रक्षा, और दो प्रतिशत केंद्रीय कर्मचारियों के पेंशन पर खर्च हो जाएगा। इसके अलावा केंद्र के अपने प्रशासनिक खर्चे हैं। उन सबके बाद पूंजीगत निवेश के लिए लगभग 17 करोड़ (सवा 12 लाख करोड़ सीधे पूंजीगत निवेश और सवा पांच करोड़ पूंजीगत संपत्तियों के निर्माण के लिए सहायता अनुदान) के लिए बचेंगे। अगले वित्त वर्ष में केंद्र लगभग 17 लाख करोड़ रुपये के नए कर्ज लेगा। मगर इससे भी प्रस्तावित खर्च पूरा नहीं होगा। कुल मिलाकर 4.3 प्रतिशत का राजकोषीय घाटा रह जाएगा। ये रविवार को पेश हुए आम बजट का सीधा गणित है। जब सरकार का लगभग एक चौथाई बजट कर चुकाने पर खर्च होने लगा है, तो समझा जा सकता है कि देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति क्या है। पिछले साल केंद्र ने 14 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया। इस वर्ष उससे तीन लाख करोड़ रुपये अधिक लेने का इरादा उसने रखा है, तो उसकी वजह यही है कि अब ऋण चुकाने के लिए ऋण लेना पड़ रहा है। चालू वित्त वर्ष में केंद्र ने आय कर और जीएसटी दरों में छूट देकर अपने लिए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष दोनों करों से होने वाले आय को घटाया। नतीजतन, उसे और अधिक ऋण लेना पड़ेगा। सरकार चाहती, तो कॉरपोरेट टैक्स में 2019 में दी गई छूट वापस लेकर तथा धनी लोगों पर नए कर लगाकर राजकोषीय सेहत सुधार सकती थी। अब उसकी कुल आमदनी में कॉरपोरेट टैक्स का हिस्सा 18 फीसदी ही रह गया है, जबकि (व्यक्तिगत आयकर 21 प्रतिशत, जीएसटी 15 प्रतिशत, उत्पाद एवं कस्टम 10 प्रतिशत मिला दें, तो) आम लोगों का कर योगदान 46 फीसदी तक पहुंच गया है। यह प्रतिगामी सूरत है। मगर इसे सुधारने के बजाय सरकार और ऋण लेकर वर्तमान एंव भावी पीढ़ियों पर बोझ बढ़ा रही है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपका खुशियों भरा रहेगा। अपने परिवार के साथ कुछ समय बितायें अच्छा लगेगा। सोचे हुए काम खुद के दम पर पूरे कर सकते हैं। कई मामलों पर आपके पास कुछ नए और अच्छे विचार होंगे। अपनी वाणी से आप सभी काम पूरे करवा लेंगे। न्याय संगत बातें करेंगे। पुरानी मेहनत रंग लाएगी। बेरोजगार को आज नौकरी के ऑफर आ सकते है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है।

**वृष राशिः** आज का दिन बेहतरीन रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन कुछ खट्टा-मीठा बीतेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है। कॉलेज में आज आपकी गुड एक्टीविटी की वजह से टीचर्स आपसे खुश रहेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। अगर आज लकड़ी का फर्नीचर खरीदने की सोच रहे है तो खरीद लीजिये।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों मे ही दिन व्यतीत हो जाएगा। आज आपका भाग्य आपके साथ है, कार्य स्थल पर प्रमोशन या प्रशंसा मिलने के आसार हैं, व्यापार में नई संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। जीवन में अच्छे बदलाव आएंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को मंज़िल मिलेगी। ऑफ़िस में आपका कार्य काबिल-ए- तारीफ़ होगी।

**कर्क राशिः** आज किए गए कामों का फायदा भी मिलेगा। समय आपके फेवर में होने के कारण मन खुश रहेगा, जीवन में भी अच्छे परिवर्तन आएंगे। ज्यादा मेहनत करके थोड़ा धन लाभ भी मिल सकता है। आज बहस बाजी से बचें व्यर्थ में किसी पंगे में पड़ सकते हैं। आज वाहन संभाल कर चलाएं।

**सिंह राशिः** आज आपका ध्यान अध्यात्म के प्रति अधिक लगा रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जा सकते है, इससे पारिवारिक क्लेश कम होगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगे तो जल्द ही पूरे हो जाएंगे। पारिवारिक निर्णय लेने से पहले किसी बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें तो आपको फायदा होगा।

**कन्या राशिः** इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। कम्पटेटिव एग्जाम के रिजल्ट में आज आपको सफलता मिलेगी। काम अधिक होने से आज आपको भाग - दौड़ करनी पड़ सकती है। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा ठीक रहेगा। बिल्डर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है।

**तुला राशिः** आज काम के प्रति आपकी एकाग्रता बढ़ी रहेगी। किसी जरूरी काम को प्री-प्लानिंग करके करेंगे तो काम आसानी से पूरा हो जाएगा। परिवार में आज किसी सदस्य से आपकी अनबन हो सकती है। बेहतर होगा कि आज आप गुस्से पर कंट्रोल रखें। इस राशि के आविवाहित लोगों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। विवाह के प्रस्ताव ईमेल द्वारा आपको मिल सकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज आप प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगना कर देगा। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी लेकिन आर्थिक तौर पर फ़ायदेमंद साबित होगी। किसी बहुत उपयोगी व्यक्ति से मुलाकात होगी। आप सकारात्मक सोच रखेंगे, तो आनंद से दिन बिता सकेंगे। लगभग हर कोशिश में आपको सफलता मिल सकती है। कुछ फैसले ठीक रहेंगे। आज ज्यादातर मामलों में दिन अच्छा रहेगा।

**धनु राशिः** आज के दिन आप किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें तो आपके लिए अच्छ होगा। आज आफिस के जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो सकारात्मक तरीके से पूरे होंगे। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा साथ ही सहकर्मी काम निकलवाने के लिए आपको प्रलोभन दे सकता है।

**मकर राशिः** आज जिस काम को आप शुरू करेंगे उसे पूरा करके ही राहत की सांस लेंगे इस वजह से हो सकता है ऑफिस में काफी देर तक काम करना पड़े। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट अपनाने से बचें। निश्चित ही काम थोड़े विलम्ब से ही लेकिन पूरे हो जाएंगे। इस राशि के बिजनेसमैन को आज एक्स्ट्रा इनकम कहीं से मिल सकता है आज आपको ट्राफिक नियमों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है।

**कुम्भ राशिः** आज किसी धार्मिक कार्य में सहयोग करने से नौकरी में तरक्की होगी। ऑफिस में हर काम बारीकी से निपटाने की कोशिश करेंगे। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे कुछ सीख सकते हैं ऐसे ही आपको आगे बढ़ने के नए मौके मिल सकते हैं। बिजनेस में फायदा होगा। साथ वाले लोगों या दोस्तों से गिफ्ट मिल सकता है। समाज कार्य की मीटिंग में जरूरत से ज्यादा न बोलें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। कारोबार में चल रहे प्रयास सफल होंगे।

**मीन राशिः**आज भाग्य आपका साथ देगा। बिजनेस के सिलसिले में आज बिदेश यात्रा करनी पड़ेगी। घूमने-फिरने और मनोरंजन में समय बीतेगा। दूसरों की मदद करने से पीछे न हटें। छोटे भाई बहनों की ओर से आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं। उनके साथ आपके संबंधों में भी मधुरता आयेगी।

# भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौताः मुक्त और निष्पक्ष व्यापार के प्रति प्रतिबद्धता

//श्री राजेश अग्रवाल//

**भारत का यूरोप के साथ 250 ईसा पूर्व से एक समृद्ध व्यापारिक संबंध रहा है, जो सिल्क रोड से भी पहले की अवधि है। अगले 2000 वर्षों के अधिकांश हिस्से के दौरान, भारतीय मसलिन, कपास, हस्तशिल्प, मसाले, पन्ना और रत्न अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की सबसे पसंदीदा वस्तुओं में शुमार होते थे, जिनमें से अधिकांश यूरोप तक पहुँचती थीं। इन शानदार वस्तुओं के भुगतान के तौर पर भारत को सोना और चांदी मिलते थे। अपने सुनहरे दिनों में, भारत-यूरोप व्यापार ने मात्रा और पैमाने की दृष्टि से अभूतपूर्व वृद्धि हासिल की। एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते के माध्यम से इस संबंध को सुदृढ़ करने के प्रयास 2007 में शुरू हुए थे। गंभीर मतभेदों के कारण 2013 में बातचीत को रोकना पड़ा, क्योंकि कई मुद्दों पर दोनों पक्षों के विचार अलग थे।**

2022 में बातचीत फिर से शुरू हुई और चुनौतियों की जटिलता के बावजूद इसे केवल दोनों राजनेताओं की मजबूत प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण अंतिम रूप दिया जा सका। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस व्यापार समझौते को दोनों पक्षों ने बातचीत के माध्यम से पूरा किया है, वह अस्थिर वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में नियम-आधारित व्यापार संबंध की पुष्टि करता है। यह समझौता ऐतिहासिक है सिर्फ इसलिए नहीं कि इसमें शामिल विषय और क्षेत्र व्यापक हैं; समझौता ऐतिहासिक इसलिए भी है क्योंकि दोनों पक्षों को ऐसे मुद्दों पर साझा रुख अपनाना पड़ा, जो कठिन और जटिल थे।

सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौताः भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता शायद हाल के समय में किया गया सबसे महत्वपूर्ण व्यापार समझौता है। यह दुनिया के सबसे बड़े मुक्त व्यापार क्षेत्रों में से एक का निर्माण कर सकता है, जिसमें लगभग 2 अरब लोग और 28 देश शामिल होंगे और जो वैश्विक जीडीपी का 25 प्रतिशत है। इसके अलावा, यह समझौता मुद्दों और चिंताओं के समाधान के सन्दर्भ में आधुनिक और नवीन है। इस समझौते में व्यापार संबंध को प्रगाढ़ करने के लिए अद्यतन और मूल विषयों के साथ-साथ प्रक्रिया-संबंधी प्रावधान भी हैं। यह समझौता वस्तु और सेवा; दोनों के लिए बाजार पहुंच और नियामक बाधाओं के समाधान के लिए एक नया मॉडल स्थापित करता है, जो पारंपरिक विषयों को नवाचार-तत्वों के साथ सुदृढ़ करता है। उदाहरण के लिए, उत्पत्ति के नियमों का अध्याय सुनिश्चित करता है कि केवल वही उत्पाद जिनका पर्याप्त प्रसंस्करण या उत्पादन साझेदार देशों में हुआ है, उन्हें मूल देश का प्रमाण दिया जाएगा; इसे विस्तृत और जटिल उत्पाद-विशिष्ट नियमों के माध्यम से हासिल किया गया है, जो मौजूदा और नयी आपूर्ति श्रृंखलाओं के अनुरूप हैं। इसके अलावा, यह समझौता बौद्धिक संपदा संरक्षण को पुनर्स्थापित करता है और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण व सूचना प्रवाह को बढ़ावा देने पर अतिरिक्त ध्यान केंद्रित करता है।

वस्तु और सेवाओं के लिए बाजार खोलनाः समझौते का मुख्य ध्यान दोनों पक्षों के विशाल और व्यापक बाजारों को एक-दूसरे के लिए खोलना है। यह समझौता भारत के निर्यात व्यापार मूल्य के 99 प्रतिशत से अधिक के लिए बाजार पहुँच प्रदान करता है, जिसमें कम से कम 90 प्रतिशत भारतीय निर्यात को समझौते के लागू होने पर तुरंत निःशुल्कच प्रवेश की सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से, श्रम-सघन वस्तुएँ जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा, रत्न और आभूषण, लकड़ी और लकड़ी की शिल्पकला और समुद्री उत्पादों को जल्दी लाभ मिलेगा। यह रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि-प्रसंस्करण उद्योग और खनिज जैसे उद्योगों को भी जीवंत ईयू सामान्य बाजार में अपने निर्यात को विविधता देने में सक्षम करेगा। हालांकि, भारत ने ईयू वाहन के लिए बाजार पहुँच की अनुमति दी है, लेकिन इसे चरणबद्ध और सन्तुलित तरीके से टैरिफ कोटा के माध्यम से अंतिम रूप दिया गया है। इसी तरह, यूरोपीय संघ की शराब पर भारत की छूट घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ उच्च मूल्य वर्ग में प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है। सेवाओं के व्यापार के लिए भारत-ईयू व्यापार संबंध में महत्वपूर्ण संभावनाएँ हैं। इस समझौते के तहत भारत ने 144 सेवा क्षेत्रों में ईयू की प्रतिबद्धताएँ प्राप्त की हैं, जो कि अभूतपूर्व है। इसके अलावा, गतिशीलता पर अध्याय यह सुनिश्चित करता है कि पेशेवरों और संविदा सेवा प्रदाताओं का अस्थायी प्रवेश और निवास सरल और भरोसेमंद होगा, जिसका अर्थ है कि भारत के प्रतिभाशाली सेवा पेशेवर ईयू बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं। वित्तीय सेवाओं पर संलग्नक भारत और ईयू के बीच इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों पर अधिक सहभागिता का प्रावधान करता है, जिसमें भारत की डिजिटल भुगतान प्रणालियों जैसे यूपीआई में तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग शामिल है। यह समझौता आयुष और पारंपरिक चिकित्सा कर्मियों को भी अधिक निश्चितता के साथ ईयू में अपनी सेवाएँ प्रदान करने की संभावना पेश करता है।

मुक्त और न्यायसंगत व्यापार को बढ़ावा देनाः मुक्त व्यापार समझौता दो बड़े बाजारों के बीच मुक्त, न्यायसंगत और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। व्यापार और सतत विकास अध्याय सतत विकास संबंधी चिंताओं के संदर्भ में सहयोग का एक नया मॉडल प्रस्तुत करता है। यह अध्याय दोनों पक्षों के श्रम या पर्यावरण मानकों में तालमेल बिठाये बिना दोनों पक्षों के व्यापार संबंध में सतत विकास के उद्देश्य को समग्र रूप से एकीकृत करता है। इस सहभागिता का मुख्य उद्देश्य नीति संवाद, तकनीकी सहायता और वित्तीय उपकरणों और संसाधनों को जुटाने पर है। दोनों पक्षों ने त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र, गैर-उल्लंघन शिकायतें और स्वतंत्र परिशिष्ट जैसी व्यवस्थाओं पर भी बातचीत की है, जो कुछ नीति उपायों या उत्पाद-विशिष्ट उपायों के संबंध में उनकी विशिष्ट चिंताओं का समाधान कर सकते हैं।

असल चुनौती यह थी कि कुछ महत्वपूर्ण हितधारकों, जैसे कि डेयरी और कृषि क्षेत्र, की चिंताओं और संवेदनशीलताओं की अनदेखी किए बिना बाजार खोलने के उच्च महत्वाकांक्षा को हासिल किया जा सके। छोटे और सीमांत किसानों और कुछ उद्योग क्षेत्रों की आय और जीवनयापन की चिंताएं हमारे मन में सबसे पहले थीं। ईमानदारी से कहें तो, इस मामले में यूरोपीय संघ ने आवश्यक लचीलापन भी दिखाया।

भारत की एफटीए रणनीति का पूरकः आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान के युग में, भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता; भारत-यूके एफटीए, ईएफटीए और अन्य व्यापक व्यापार समझौतों से हुए लाभ में पूरक की भूमिका निभाएगा। 2021 से, भारत ने 9 व्यापक व्यापार समझौते किए हैं और अगले कुछ महीनों में कई प्रमुख आर्थिक साझेदारी समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता कर रहा है। भारत-ईयू व्यापार समझौते का निष्कर्ष भारत की नई आर्थिक और व्यापारिक पहलों को तेज करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता विस्तारित बाजार पहुंच, नजदीकी आर्थिक एकीकरण और विशेष रूप से अनिश्चित और अस्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था में रणनीतिक स्वायत्तता और सुदृढ़ता प्राप्त करने में एक बड़ा कदम है। जैसा कि आर्थिक इतिहासकार उल्लेख करते हैं, आर्थिक समृद्धि सबसे अच्छे तरीके से तब प्राप्त की जा सकती है जब राष्ट्र न्यायपूर्ण, नियम-आधारित और पूर्व अनुमान योग्य कानूनी रूपरेखा और संस्थानों के आधार पर व्यापार करते हैं। भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता समय पर खरे उतरे इस सिद्धांत को बनाए रखने का प्रयास करता है।

# जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा को अंजाम दिया, वही प्रशिक्षण लेकर सीख रहे हुनर

//तारा शंकर //

**अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा मन में हो तो जीवन में हर काम आसान हो जाता है। इस कथन को आत्मसमर्पित माओवादियों ने चरितार्थ किया है। जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा की राह अख्तियार किया था, आज उन्हीं हाथों को राज्य की नक्सल पुनर्वास नीति के तहत कुशल और दक्ष बनाने की कवायद जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। शासन की मंशानुसार ग्राम चौगेल (मुल्ला) कैंप में प्रशिक्षण देकर 'हिंसा से हुनर' की ओर लौटे माओवादियों को नया जीवनदान मिल रहा है। कभी माओवाद गतिविधियों में संलिप्त रहे युवक-युवतियों को अब ड्राइविंग, सिलाई, काष्ठशिल्प कला, सहायक इलेक्ट्रिशियन जैसे विभिन्न ट्रेड में सतत् प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे समाज की मुख्य धारा में लौटने के बाद आजीविका मूलक गतिविधियों में कुशल होकर बेहतर ढंग से सम्मान पूर्वक जीवन निर्वाह कर सके।**

वर्षों से लाल आतंक के साए में हिंसा का दंश झेल रहा बस्तर संभाग अब विकास की ओर शनैः-शनैः आगे बढ़ रहा है और माओवाद का दायरा धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। छत्तीसगढ़ सहित देश को माओवाद से मुक्ति दिलाने केंद्र सरकार के संकल्प को पूरा करने प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। वहीं हथियार उठाने वालों को भविष्य गढ़ने का सुनहरा अवसर भी सरकार द्वारा दिया जा रहा है। आत्मसमर्पित/पीड़ित नक्सल पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत उन्हें विभिन्न सृजनात्मक और रोजगारमूलक गतिविधियों के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भानुप्रतापपुर विकासखंड से लगे ग्राम चौगेल (मुल्ला) का बीएसएफ कैम्प परिसर 'कौशलगढ़' बन गया है, जहां समाज की मुख्यधारा में लौटे 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को अलग-अलग पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जा रहा है, साथ ही उन्हें शिक्षित भी किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार कक्षा पहली से आठवीं तक के पाठ्यक्रमों का नियमित अध्ययन कराया जा रहा है, जिसमें रूचि लेते हुए सभी आत्मसमर्पित माओवादी अपने भविष्य को पूरी शिद्दत से गढ़ने में संलग्न हैं। 20-20 का बैच बनाकर उन्हें हुनरमंद बनाने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

चारपहिया वाहन चालन का प्रशिक्षण ले रहे आत्मसमर्पित माओवादी 40 वर्षीय श्री मनहेर तारम ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से उन्हें ड्रायविंग की ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसे वे पूरी रूचि के साथ सीख रहे हैं। ट्रेनर द्वारा स्टेयरिंग थामने से लेकर क्लच, ब्रेक व एक्सिलरेटर का प्रयोग करना सिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ड्रायविंग सीखने की चाहत अब पूरी हो रही है। इसके अलावा सिलाई और काष्ठशिल्प का प्रशिक्षण कैम्प में दिया जा रहा है। इसी तरह श्री नरसिंह नेताम ने बताया कि वह भी फोरव्हीलर की ड्रायविंग में अपना हाथ आजमा रहे हैं तथा यहां आकर ऐसी गतिविधियों से जुड़ रहे हैं, जिससे आगे का जीवन बेहतर हो सके। 19 साल के सुकदू पद्दा ने बताया कि यहां पिछले तीन महीने से ट्रेनिंग ले रहे हैं और खुद को आजीविका मूलक कार्यों से जोड़ रहे हैं, जबकि वह निरक्षर है। वहीं 19 वर्ष की कु. काजल वेड़दा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां आकर अलग-अलग पाठ्यक्रमों में नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें बचपन से कपड़ों की सिलाई करने की इच्छा थी, यहां आकर वह भी पूरी हो रही है। वहीं शिक्षकां के द्वारा प्राथमिक शिक्षा का भी वह लाभ ले रही हैं। इसी तरह कैंप में रह रहे जगदेव कोमरा, राजू नुरूटी, बीरसिंह मण्डावी, मैनू नेगी, सनऊ गावड़े, मानकी नेताम, सामको नुरूटी, उंगी कोर्राम, रमोती कवाची, मानकेर हुपेंडी, डाली सलाम, गेंजो हुपेंडी सहित सभी आत्मसमर्पित माओवादी अपनी रूचि अनुसार ड्राईविंग, काष्ठशिल्प कला, सिलाई मशीन तथा सहायक इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उनका नियमितरूप से स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाईयां दी जाती हैं। कैम्प में मनोरंजनात्मक गतिविधियां कैरम, वाद्य यंत्र, विभिन्न प्रकार के खेल भी आयोजित किया जाता है। पुनर्वास कैंप के नोडल अधिकारी श्री विनोद अहिरवार ने बताया कि कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर के निर्देशानुसार आत्मसमर्पित 40 माओवादियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए विभिन्न पाठ्यक्रमों में 20-20 के बैच में चौगेल (मुल्ला) कैंप में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और सभी को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित किया जा रहा है। भविष्य में मशरूम उत्पादन, बागवानी सहित विभिन्न सृजनात्मक एवं स्वरोजगार मूलक पाठ्यक्रमों में जल्द ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस तरह आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे माओवादियों को राज्य शासन द्वारा अवसर देकर उन्हें आत्मनिर्भर तथा स्वरोजगारमूलक सकारात्मक कार्यों से जोड़ा जा रहा है, जिससे उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करने का मौका मिल सके।

## भारत का स्वर्णिम अवसर

अमेरिका से यूरोप का बिदकना भारत का स्वर्णिम अवसर है। विश्व राजनीति में नई सोच, नई ताकत के लिए नए गठजोड, नए बाजार, नए साझेदार के अवसर हैं। इसमें 150 करोड़ लोगों के भारत बाजार के लिए मौके ही मौके हैं। आवश्यकता सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक्शन के दस घंटों की है। वे अफसरशाही, डोवाल-जयशंकर के घेरों से बाहर निकलें और जैसे 24 जुलाई 1991 के दिन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने सुबह आठ बजे से शाम को आठ बजे के दस घंटों में भारत की आर्थिकी को बदला वैसा ही कमाल कर दिखाएं। नरसिंह राव ने दस घंटों में ही भारत को बदला। इन दस घंटों में उन्होंने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह का बजट देखा, कैबिनेट से ओके कराया तो संसद में बजट प्रस्तुत होने के बाद बतौर उद्योग मंत्री खुद नरसिंह राव ने उद्योग-पूंजी, लाइसेंस के अफसरी ढांचे को ध्वस्त करने के नोटिफिकेशन बनवाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देश-दुनिया को समाजवाद से मुक्त बताया।

वैसा ही साहस चाहिए। भारत नए गठजोड़ के साथ नए विजन बनाए। ध्यान रहे ब्रिटेन, न्यूजीलैंड के बाद 26 जनवरी के बाद भारत-यूरोपीय संघ में मुक्त व्यापार संधि होने वाली है। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा गणतंत्र दिवस की परेड में विशिष्ट अतिथि हैं। कुछ दिन पहले जर्मन के चांसलर शोल्ज़ भी भारत आए थे। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने दावोस में कहा है हम भारत के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते के कगार पर हैं। कुछ लोग इसे 'सभी सौदों में सबसे बड़ा' मानते हैं–ऐसा समझौता जो दो अरब लोगों का साझा बाज़ार बनाएगा। वैश्विक जीडीपी के लगभग एक-चौथाई का प्रतिनिधित्व करेगा। गलत नहीं है ऐसा मानना। पर गौर करे 'दो अरब लोगों का साझा बाज़ार'! यही पेंच है। यह सवाल है कि नए दो अरब लोगों के बाजार के 150 करोड़ भारतीयों के पास यूरोप, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड के बाजार में बेचने को क्या है, जबकि यूरोप का तो हर उत्पाद भारत में भरपूर बिकेगा!

इसलिए भारत को अपनी कोर आवश्यकता की पूर्ति का सौदा पटाना चाहिए। आवश्यकता सुरक्षा के लिए हथियारों की है। भारत स्वदेश में विश्व स्तरीय हथियार बनाए। यह मिशन अब अमेरिका से झटके के बाद यूरोपीय देशों, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, यूरोपीय संघ का भी है। यूरोप बेइंतहां रिसर्च-तकनीक निर्माण में खपेगा। उससे किसी तरह भारत का साझा बने। मतलब यूरोप रिसर्च, तकनीक, शस्त्र प्रणालियां (जो भारत में संभव नहीं) बनाए और साझा पूंजी निवेश से फैक्ट्रियां भारत में लगे। भारत में रोजगार, आत्मनिर्भरता का आधार बनेगा। कुछ वैसा ही मॉडल जैसे सुजुकी कंपनी ने भारत में मारूति-सुजुकी बना अपना और जापान का दोनों का मुनाफा बनाया तो वह भारत के देशज ऑटो उत्पादन का आधार भी हुआ। यह संभव है। प्रमाण यूरोपीय संघ के पारस से जैसे-तैसे सदस्य बने तुर्की का विकसित होना है। कई जानकार तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन और नरेंद्र मोदी को समतुल्य मानते है। दोनों राष्ट्रवादी, धर्मवादी और वैश्विक धमक के नेतृत्वकर्ता। पर कई बुनियादी फर्क है।

## तस्वीरों की दुनिया




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली से मलेशिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के लिए रवाना हुए।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत।



मलेशिया के कुआलालंपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत हुआ।



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए जम्मू में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।



तीन दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, जहां एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा ने उनका स्वागत किया।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मलेशिया के कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मलेशिया के कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

# कोटा में तीन मंजिला निर्माणाधीन बिल्डिंग ढही, दो लोगों की मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**जयपुर, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

राजस्थान के कोटा में शनिवार रात नौ बजे बाद कंपन के साथ एक तीन मंजिला भवन के गिर गया। इसके मलबे में दबकर एक युवक व महिला की मौत हो गई। दो दर्जन से अधिक लोग मलबे में दबे हुए थे, जिनमें से देर रात तक दस लोगों को बाहर निकाल लिया गया था। घायलों में चार की हालत गंभीर है। जिला कलक्टर पीयूष सामरिया ने बताया कि मलबे में अभी कुछ लोग दबे हैं। हालांकि इनकी सही संख्या बताना मुश्किल है। सूत्रों के मुताबिक, मलबे में छह से सात लोगों के और दबे होने की आशंका है। राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, भाजपा विधायक संदीप शर्मा व जिला कलक्टर पीयूष सामरिया मौके रहकर रेस्क्यू ऑपरेशन पर निगरानी रख रहे थे। आसपास के लोगों ने बताया कि अचानक तेज आवाज के साथ भवन गिर गया। हादसे के बाद सुरक्षा कारणों से क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बंद की गई है। क्षतिग्रस्त भवन के पीछे एक तीन मंजिला मकान में पिछले कई दिनों से काम चल रहा था। प्रतिदिन ड्रिल मशीन और हैमर सहित अन्य मशीनें चलती रही थीं, जिससे क्षतिग्रस्त हुए भवन में तीन दिन से कंपन हो रहा था। शनिवार रात नौ बजे बाद अचानक भवन गिर गया। अलवर में खनन के दौरान सौ फीट गहरी खाई में गिरा पोकलेन ऑपरेटरअलवर में खनन के दौरान पहाड़ का एक हिस्सा ढह जाने से पोकलेन मशीन और उसका ऑपरेटर करीब सौ फीट गहरी पानी से भरी खाई में गिर गया। खाई में गिरा ऑपरेटर बिहार के बक्सर का रहने वाला है।



हादसा शुक्रवार देर शाम हुआ, लेकिन अंधेरे के कारण बचाव कार्य शुरू नहीं किया जा सका। शनिवार सुबह एनडीआरएफ ने रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया। तमाम प्रयास के बावजूद शाम तक परेटर को बाहर नहीं निकाला जा सका था। स्थानीय तहसीलदार ने बताया कि गहरी खाई में पानी भरे होने से बचाव कार्य में मुश्किल आ रही है। लोगों ने बताया कि पहाड़ से करीब 50 टन मलबा व पत्थर नीचे गिरा, जिनकी चपेट में पोकलेन मशीन और उसका ऑपरेटर आ गया। आरोप है कि वहां अवैध खनन भी हो रहा था।

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिया था विवादित बयान

# सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से दो दिन पहले मंत्री विजय शाह ने फिर मांगी माफी

**भोपाल, 08 फरवरी [एजेंसी]।**



कर्नल सोफिया कुरैशी पर अशालीन टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में 9 फरवरी को होने वाली सुनवाई से ठीक दो दिन पहले शनिवार, 7 फरवरी को मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह ने फिर माफी मांगी। विजय शाह ने वीडियो जारी कर कहा, मैं पहले भी कई बार कह चुका हूं, आज मैं फिर दोहरा रहा हूं, मेरा ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग का अपमान हो। विजय शाह बीजेपी में आदिवासी समाज का बड़ा चेहरा हैं। आठ बार से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। मध्य प्रदेश में सत्ता की चाबी आदिवासियों के हाथ में रहती है। यही कारण है कि बीजेपी हो या कांग्रेस, दोनों का प्रयास जनजातीय वर्ग को साध कर रखने का होता है। विजय शाह ने आगे कहा, निस्संदेह मेरे शब्द, मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। ये शब्द देशभक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे।

गलती के पीछे की भावना देखी जानी चाहिए। भविष्य में वाणी पर नियंत्रण रहेगा और ऐसी गलती नहीं होगी। 19 जनवरी को इस मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से दो हफ्ते के भीतर विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए अभियोजन की स्वीकृति संबंधी निर्णय लेने को कहा था। इसकी सीमा बीत चुकी है। विजय शाह इस अशालीन टिप्पणी को लेकर चार बार माफी मांग चुके हैं। 11 मई 2025 को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कर्नल सोफिया कुरैशी का नाम लिए बिना यह टिप्पणी की थी। उन्होंने पिछले साल 13, 14 और 23 मई और फिर आज शनिवार को माफी मांगी।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

# अमित शाह बोले- मेक इन इंडिया और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा



**नईदिल्ली, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को देश के तेज रफ्तार विकास इंजन को नया बल देने वाला कदम बताया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर उन्होंने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में अहम है और इससे मेक इन इंडिया, किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई, स्टार्टअप इनोवेटर तथा मछुआरों को बड़ा लाभ मिलेगा, साथ ही युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

दोनों देशों ने शनिवार को द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा की। संयुक्त बयान के अनुसार, यह पहल फरवरी 2025 में शुरू हुई व्यापक वार्ताओं की निरंतरता है। समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और कई खाद्य-कृषि वस्तुओं पर शुल्क समाप्त या कम करेगा। समझौते के पहले हिस्से पर मध्य मार्च तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

# आराम था हराम, करते थे परेशानः पाकिस्तान की जेल में काटे 7 साल, भारत लौटे प्रसन्नजीत ने सुनाई आपबीती



**बालाघाट, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

पाकिस्तान की लाहौर सेंट्रल जेल में सात साल बिताने के बाद मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले का प्रसन्नजीत रंगारी अब अपने घर लौट आया है। जब उससे पूछा गया कि क्या जेल में यातनाएं मिलती थीं तो उसने कहा कि वहां आराम नहीं करने देते थे और परेशान करते थे।दोबारा पूछने पर उसने जवाब बदलते हुए कहा कि जेल में सब ठीक था। दरअसल, मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के चलते वह स्पष्ट नहीं बोल पा रहा है। प्रसन्नजीत ने बताया कि जेल में सुबह नाश्ते में चाय-रोटी मिलती थी। दोपहर में खाना मिलता था, जिसमें कभी-कभी मटन-चावल होता थे। वह जेल में सफाई का काम करता था। घर में उत्सव जैसा माहौल, प्रसन्नजीत अपनी बड़ी बहन संघमित्रा खोबरागड़े के घर में है। उसकी वापसी से पूरा परिवार खुश नजर आया और घर में उत्सव जैसा माहौल था। प्रसन्नजीत ने बताया कि वह जबलपुर से ट्रेन में बैठकर दिल्ली चला गया था। वहां से पाकिस्तान कैसे पहुंचा, उसे पता नहीं।

### मुंबई में जूतों ने फंसाया सीरियल चेन स्नैचरः कारोबारी मोहन कोकाटे की गिरफ्तारी, इसलिए करता था चोरी?

**मुंबई।** मुंबई और नवी मुंबई में हाल के दिनों में लगातार हो रही चेन छीनने की घटनाओं का मुख्य आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। सायन पुलिस ने 49 वर्षीय मोहन कोकाटे को गिरफ्तार किया है, जो पहले एक कारोबारी था लेकिन ऑनलाइन कैसीनो और जुए की लत के कारण कर्ज में डूबकर चेन स्नैचर बन गया। आरोपी ने पहचान छिपाने के लिए हर अपराध के दौरान हेलमेट पहना, कपड़े बदले और सावधानी बरती, लेकिन एक ही जोड़ी जूते पहनने की उसकी आदत ही उसकी गिरफ्तारी का सबसे बड़ा सुराग साबित हुई। पुलिस ने विभिन्न स्थानों के लगभग 80 सीसीटीवी फुटेज की गहन चेकिंग की।

## केंद्रीय मंत्री पाटिल का बड़ा ऐलान

# पाकिस्तान नहीं जाएगा सिंधु का पानी दिल्ली-हरियाणा-पंजाब को होगा सीधा लाभ



**जयपुर, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल ने जयपुर में कहा कि सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान को नहीं दिया जाएगा। देश के जल संसाधनों का उपयोग पहले भारत के हित में किया जाएगा और इस दिशा में सरकार ठोस कदम उठा रही है। पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक कर देश के विभिन्न राज्यों को दिया जाएगा। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा आदि राज्यों को इस पानी का सीधा लाभ मिलेगा।पाटिल ने कहा कि पाकिस्तान जाने वाले पानी को डायवर्ट करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। फिलहाल सबसे कम पानी राजस्थान के पास है। लेकिन आने वाले समय में सबसे अधिक पानी राजस्थान के पास होगा।जल जीवन मिशन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि घर-घर पानी पहुंचाना राज्यों की जिम्मेदारी है। लेकिन केंद्र सरकार ने पहली बार इस योजना के तहत राज्यों को 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता दी है। इस मिशन से जुड़ी चार हजार से अधिक शिकायतें मिली हैं, जिनकी जांच के लिए 119 टीमें गठित की गई थी। दोषियों पर कार्रवाई भी की गई है जिनमें राजस्थान के एक पूर्व मंत्री भी शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ में 1.61 करोड़ के इनामी 51 माओवादियों का समर्पण, कई हथियार सुरक्षा बलों को सौंपे



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिलों में शनिवार को 51 सक्रिय माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। इन पर एक करोड़ 61 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनमें 34 महिलाएं शामिल हैं। सुकमा जिले में 76 लाख रुपये के इनामी 21 माओवादियों ने समर्पण किया। इनमें तीन डिविजनल कमेटी मेंबर (डीवीसीएम) और पांच एरिया कमेटी मेंबर (एसीएम) शामिल हैं। सुकमा में समर्पण के दौरान माओवादियों ने तीन एके-47, दो एसएलआर समेत कई हथियार सुरक्षा बलों को सौंपे।वहीं, बीजापुर जिले में साउथ सब जोनल ब्यूरो से जुड़े 85 लाख रुपये के इनामी 30 माओवादियों ने भी समर्पण किया। इनमें 20 महिलाएं शामिल हैं। बीजापुर में समर्पण करने वाले माओवादी कंपनी पीपीसीएम , जनताना सरकार अध्यक्ष जैसे पदों पर सक्रिय थे। उल्लेखनीय है कि एक जनवरी 2024 से अब तक अकेले बीजापुर जिले में 918 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं, जबकि 1,163 गिरफ्तार किए गए हैं और 232 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए हैं।

# तीन अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का आदेश, नहीं तो होगी कड़ी कार्रवाई



**दीफू, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

असम सरकार ने कार्बी आंगलोंग जिले से तीन अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को निष्कासन का आदेश दिया है। इन बांग्लादेशियों को निष्कासन आदेश प्राप्त करने के 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने को कहा गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया यह निर्देश प्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम की धारा 2 के तहत जारी किया गया है। इन तीनों बांग्लादेशियों को दिसंबर में विदेशी न्यायाधिकरण ने तीन अलग-अलग आदेशों के माध्यम से अवैध प्रवासी घोषित किया था। जिला आयुक्त द्वारा हस्ताक्षरित अलग-अलग निष्कासन आदेश शनिवार को तीनों विदेशी नागरिकों को सौंपे गए। इन तीनों की पहचान बोकाजान पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाले मोहम्मद फकरुद्दीन और मांजा पुलिस थाना क्षेत्र के मोहम्मद रफीकुल अली और मोहम्मद फैजुल हक के रूप में हुई। निष्कासन आदेश में कहा गया है कि घोषित विदेशी की मौजूदगी राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए हानिकारक है। आदेश में कहा गया है कि निष्कासन आदेश का पालन नहीं करने पर सरकार उन्हें राज्य और देश से निकालने के लिए उचित कार्रवाई शुरू करेगी।

# नए आयकर अधिनियम के लिए मसौदा नियम और फॉर्म जारी, 22 फरवरी तक मांगी टिप्पणियां

**नईदिल्ली, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

आयकर विभाग ने शनिवार को नए आयकर अधिनियम, 2025 के तहत मसौदा नियम और फार्म जारी कर दिए। यह कदम करदाताओं के लिए अनुपालन को सरल बनाने और समझने में आसानी के लिए उठाया गया है। नया आयकर अधिनियम एक अप्रैल से प्रभावी होगा जो आयकर अधिनियम 1961 का स्थान लेगा।आयकर विभाग ने मसौदा आयकर नियम, 2026 और फार्म पर सभी हितधारकों से 22 फरवरी तक टिप्पणियां मांगी हैं। इसके बाद, नए अधिनियम के तहत नियम और फार्म अधिसूचित किए जाएंगे। वर्तमान आयकर नियम, 1962 में 511 नियम और 399 फार्म शामिल हैं। नए नियमों और फार्म में प्रस्तावित परिवर्तनों के चलते मसौदा आयकर नियम, 2026 में 333 नियम और 190 फार्म शामिल होंगे। नए आयकर फार्म को करदाताओं की सुविधा के लिए सरल बनाया गया है। सामान्य जानकारी का सभी फार्म में मानकीकरण किया गया है जिससे करदाताओं के अनुपालन बोझ को कम किया जा सके। विभाग ने कहा, फार्म में पहले से ही कई तरह की जानकारी होगी जिससे फाइलिंग अधिक सहज और कम त्रुटिपूर्ण हो सके। फार्म की भाषा को भी सरल बनाया गया है ताकि परिचालन, प्रशासनिक या कानूनी अस्पष्टता से बचा जा सके।नियमों में किए गए तर्कसंगतीकरण से प्रविधानों को सरल बनाने की उम्मीद है, जो समझने में आसानी प्रदान करेगा।




नए मसौदा नियमों और फार्म के साथ, दो नेविगेटर भी प्रदान किए गए हैं। इसमें एक पुराने नियमों व नए मसौदा नियमों और दूसरा पुराने फार्म व नए मसौदा फार्म का मानचित्रण शामिल है नांगिया ग्लोबल के पार्टनर संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि पुरानी भत्तों की सीमा का तर्कसंगतीकरण एक महत्वपूर्ण सुधार है। नए आयकर अधिनियम के तहत एकाउंटेंट की परिभाषा में भी महत्वपूर्ण अंतर दिखाई देता है।

# तेलंगाना फॉरेंसिक लैब में लगी आग, जब्त कप्यूटर हार्ड डिस्क जलीं



**हैदराबाद, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

तेलंगाना फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) के एक कमरे में शनिवार को आग लग गई। इसमें जब्त की गई वस्तुएं मसलन कप्यूटर हार्ड डिस्क, कागजात आदि रखे थे जो अधिकांश जल गए। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।गनीमत रही कि इस इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। उधर, केंद्रीय कोयला मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता जी किशन रेड्डी ने सरकार से इस मामले पर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है और कंप्यूटर में जांच से संबंधित डाटा था, जो जल गया।

अधिकारियों ने बताया कि आग की चपेट में आए पहली मंजिल के कमरे में हार्ड डिस्क, कागजात जैसी चीजें रखी थीं। आग लगने की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग बुझाने के लिए पांच अग्निशामक गाड़ियां और एक अग्निशामक रोबोट लगाया गया।प्रारंभिक जांच के आधार पर एक अग्निशामक अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण बिजली का शार्ट-सर्किट हो सकता है।

हालांकि, सटीक कारण की जांच की जा रही है। इस बीच केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जल गए कंप्यूटरों का बैकअप है या नहीं( उन्होंने दावा किया कि एफएसएल में हाई प्रोफाइल मामलों से संबंधित साक्ष्य और डाटा मौजूद था, जिसमें कैश-फॉर-वोट और टेलीफोन टैपिंग आदि भी शामिल हैं। कैश-फॉर-वोट मामला 2015 में टीडीपी विधायक रहे मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर लगे आरोपों से जुड़ा है, जिसमें उन पर एमएलसी चुनाव के सिलसिले में एक नॉमिनेटेड विधायक को रिश्वत देने की कोशिश करने का आरोप है।

# छोटे कर्ज के लालच में बड़ा नुकसान, लोन ऐप्स के जाल में फंसकर गंवाए 36 लाख रुपये



**नई दिल्ली।** हैदराबाद के सनथ नगर निवासी एक 46 वर्षीय व्यक्ति को अवैध डिजिटल लोन ऐप्स के जाल में फंसकर 36.16 लाख रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा। लोन रडार और क्विक फंड्स जैसे ऐप्स ने पहले छोटे कर्ज का लालच दिया और बाद में इसे एक बड़े जबरन वसूली रैकेट में बदल दिया। अगस्त 2025 में पीड़ित ने गूगल प्ले स्टोर से लोन रडार और क्विक फंड्स नामक ऐप्स डाउनलोड किए थे। शुरुआत में छोटी रकम उधार ली गई थी, जिसे समय पर चुका भी दिया गया। हालांकि, इन एप्स ने बिना सहमति के पीड़ित के बैंक खाते में बड़ी रकम भेजनी शुरू कर दी। लोन की अवधि सात दिन बताई गई थी, लेकिन छठे दिन से ही धमकियां और अश्लील तस्वीरें भेजने का सिलसिला शुरू हो गया।

# कांग्रेस नेताओं ने किए महिलाओं की ओर अभद्र इशारे सीएम हिमंत सरमा ने एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

**गुवाहाटी, 08 फरवरी [एजेंसी]।**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने पुलिस को हाल की एक राजनीतिक रैली के दौरान महिलाओं के प्रति कथित अभद्र इशारे करने के आरोप में तीन कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। सरमा के अनुसार आरोपित नेताओं में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा और राज्य महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीरा बोरठाकुर शामिल हैं, जो उस वक्त घटनास्थल पर मौजूद थीं।मुख्यमंत्री ने दावा किया कि गुवाहाटी में हुई रैली के दौरान बस के ऊपर से अशोभनीय इशारे किए गए, जिसे उन्होंने असम की महिलाओं का सामूहिक अपमान बताया।

कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में सरमा ने कहा कि पुलिस महानिदेशक को उपयुक्त कानूनी प्रावधानों के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित वीडियो क्लिप महिला आयोग को भेजने को भी कहा गया है ताकि आयोग इस पर संज्ञान ले सके। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस से आरोपित नेताओं पर पार्टी स्तर पर कार्रवाई की भी मांग की। वहीं देबब्रत सैकिया ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ और वह केवल चल रही बातचीत पर हंस रहे थे। कांग्रेस की ओर से औपचारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है।

# सात फेरों का खूनी अंतः पारिवारिक कलह में पति ने पत्नी को मारी गोली, मौके पर हुई मौत



**ग्वालियर, 08 फरवरी [एजेंसी]।**

शहर के थाटीपुर स्थित दर्पण कालोनी में रात करीब 11 बजे सनसनी फैल गई। जब एक के बाद एक गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका गूंज उठा। यहां एक सिरफिरे युवक ने अपनी ही पत्नी की घर के अंदर गोलियों से भूनकर हत्या कर डाली। छोटी-छोटी बात पर दंपती के बीच रोज झगड़ा होता था। रोज की पारिवारिक कलह का खूनी अंत हुआ, जिसमें महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस घटना के तुरंत बाद ही पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। उसके पास से कट्टा भी मिल गया है, जिससे उसने एक के बाद एक पांच गोलियां अपनी पत्नी के सिर, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों में उतार दीं। मृतका का नाम रुचि तोमर है। उसकी शादी करीब 16 वर्ष पहले मुरैना के पोरसा निवासी सोनू तोमर से हुई थी। कई सालों से यह परिवार दर्पण कालोनी में ही रह रहा था। सोनू की मां भी यहीं रहती थी। जिस समय दिल दहला देने वाली यह वारदात हुई, तब घर में सोनू और रुचि के बच्चे व सोनू की मां भी मौजूद थी। घटना के बाद एएसपी अनु बेनीवाल, थाना प्रभारी थाटीपुर विपेंद्र सिंह चौहान फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया। रविवार सुबह पोस्टमार्टम हो गया। पुलिस आरोपित को थाने ले गई। यहां उससे पूछताछ चल रही है। घटनास्थल से पुलिस को चले हुए कारतूस भी मिले हैं।

सोनू तोमर शराब का नशा करता था। वह शराब पीकर घर पहुंचता था और अक्सर पत्नी के साथ झगड़ा करता था।वह काम भी नहीं करता था। इसके चलते रुचि कुछ माह अपने मायके में भी रही, लौटकर आई तो फिर से सोनू से झगड़ा होने लगा। रुचि के बारे में बताया गया है कि जब सोनू से उसका झगड़ा होने लगा तो उसने खाना तक बनाना बंद कर दिया। इस बात पर अक्सर झगड़ा होता था। सोनू और रुचि की बेटी 14 वर्ष की है। उससे छोटा बेटा है। बेटी सीमा(परिवर्तित नाम) इस वारदात की चश्मदीद है। खाना बनाने को लेकर ही झगड़ा हुआ था। इसके बाद सोनू और रुचि कमरे के अंदर झगड़ रहे थे। बहुत शोर कमरे के अंदर से आ रहा था। बेटा-बेटी डरे सहमे दादी के पास चले गए।अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा घर गूंज उठा। बेटी दौड़कर पहुंची तो कमरे के अंदर रुचि खून से लथपथ पड़ी थी, पिता के हाथ में कट्टा था। वह मां की लाश देखकर चीख पड़ी। आसपास के लोग भी आ गए। तब पुलिस को सूचना दी गई। पारिवारिक कलह के दुखद अंत में अब सोनू और रुचि के दोनों बच्चों के भविष्य पर भी संकट है। मां दुनिया छोड़ गई, मां की हत्या करने पर अब पिता जेल जाएगा। आसपास के लोग भी बच्चों को ढांढस बंधा रहे थे।

# मालवा के स्वादिष्ट पोहा की धमक अब बंगाल तक



बंगाली स्टाइल पोहा एक आसान और स्वादिष्ट भारतीय नाश्ते की डिश है। यह सिर्फ स्वाद में ही नहीं, बल्कि पौष्टिकता में भी भरपूर है। इसमें हल्का भुना हुआ पोहा, ताजगी से भरी सब्ज़ियां और खस्ता मूंगफली-काजू मिलाकर इसे बच्चों और बड़ों दोनों के लिए परफेक्ट बनाया गया है। इस पोहा की खासियत यह है कि यह तीव्र स्वाद के साथ हल्का और सुपाच्य होता है, और इसे बनाना भी बहुत आसान है। इसे नाश्ते में या शाम के हल्के स्नैक्स के रूप में परोसा जा सकता है।

सामग्री

पोहा - 100 ग्राम
पानी - 400 मिलीलीटर
तेल - 1 टेबलस्पून
मूंगफली - 40 ग्राम
तेल - 1 टेबलस्पून
काजू - 40 ग्राम
तेल - 2 टीस्पून
तेज पत्ता - 1
लौंग - 2
हरी इलायची - 2
जीरा - 1 टीस्पून
दालचीनी - 1 इंच का टुकड़ा
करी पत्ते - 10-12
आलू - 50 ग्राम
गाजर - 40 ग्राम
फूलगोभी - 50 ग्राम
प्याज - 70 ग्राम
अदरक - 1 टीस्पून
हरी मिर्च - 1 टेबलस्पून
हल्दी पाउडर - 1/4 टीस्पून
चीनी - 1/8 टीस्पून
गरम मसाला - 1 टीस्पून
पानी - 2 टेबलस्पून
नमक - 1 टीस्पून
हरा धनिया - 1 टेबलस्पून

**विधि**-एक छलनी लें और उसमें 100 ग्राम पोहा डालकर 400 मिलीलीटर पानी से अच्छे से धो लें। अलग रख दें।एक पैन में 1 टेबलस्पून तेल गर्म करें, इसमें 40 ग्राम मूंगफली डालकर 2-3 मिनट भूनें। पैन से निकालकर अलग रख दें।एक अलग पैन में 1 टेबलस्पून तेल गर्म करें, इसमें 40 ग्राम काजू डालकर 2-3 मिनट भूनें। अलग रख दें।

एक अलग पैन में 2 टीस्पून तेल गर्म करें, इसमें 1 तेज पत्ता, 2 लौंग, 2 हरी इलायची, 1 टीस्पून जीरा, 1 दालचीनी का टुकड़ा और 10-12 करी पत्ते डालकर 30 सेकंड भूनें।

अब 50 ग्राम आलू और 40 ग्राम गाजर डालें। मिलाकर ढककर 2-3 मिनट पकाएं।

इसमें 50 ग्राम फूलगोभी, 70 ग्राम प्याज, 1 टीस्पून अदरक और 1 टेबलस्पून हरी मिर्च डालें। मिलाकर ढककर 4-5 मिनट पकाएं।

अब 1/4 टीस्पून हल्दी, 1/8 टीस्पून चीनी, 1 टीस्पून गरम मसाला और 2 टेबलस्पून पानी डालकर 1 मिनट पकाएं। धोया हुआ पोहा, 1 टीस्पून नमक, भुनी हुई मूंगफली, भुना काजू और 1 टेबलस्पून हरा धनिया डालकर 1 मिनट और पकाएं। गैस बंद करें और पोहा को सर्विंग बाउल में निकालें। गरम-गरम परोसें।

## इशिका तोरिया को मिला बड़ा मौका, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स ने किया साइन



भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री की अभिनेत्री और मॉडल इशिका तोरिया ने अपने करियर के सफर में एक नया मुकाम हासिल किया है। उन्हें इंडस्ट्री की जानी-मानी म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने एक्सक्लूसिव तौर पर साइन किया है। यह कदम उनके करियर के लिए बेहद अहम है। यह साइनिंग उनके लिए और कंपनी दोनों के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है।

इशिका तोरिया ने अपने करियर की शुरुआत साल 2015 में एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई और गुजराती फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी अलग छाप छोड़ी। इशिका ने दो गुजराती फिल्मों- लव नो भवाड़ो और 3 चक्करम में अभिनय किया। इसके अलावा, उन्होंने 80 से ज्यादा गुजराती म्यूजिक वीडियोज में काम किया और कुछ पंजाबी गानों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अलग-अलग क्षेत्रों के काम ने उन्हें इंडस्ट्री में लोकप्रियता दिलाई। इशिका केवल फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज तक सीमित नहीं रही। वह कई रैंप शोज और फैशन इवेंट्स का हिस्सा रह चुकी हैं, जहां उनके स्टाइल को लोगों ने काफी सराहा। उनके पास कला और फैशन दोनों का शानदार अनुभव है। इसी अनुभव के दम पर उन्होंने इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है।

इशिका के अनुभव और मेहनत को देखते हुए वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के एमडी रत्नाकर कुमार ने कहा, इशिका तोरिया में टैलेंट, मेहनत और स्क्रीन प्रेजेंस का बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। उन्होंने कम उम्र में इंडस्ट्री में लंबा सफर तय किया है। हमें पूरा भरोसा है कि वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के बैनर तले वह और भी बेहतरीन प्रोजेक्ट्स करेंगी और दर्शकों को पसंद आएंगी।

वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के साथ इस नई साझेदारी पर इशिका ने अपनी खुशी जाहिर की और कहा, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स जैसी बड़ी और प्रतिष्ठित म्यूजिक कंपनी के साथ एक्सक्लूसिव तौर पर जुडऩा मेरे लिए गर्व की बात है। मैं रत्नाकर कुमार सर का दिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। आने वाले समय में मैं दर्शकों के लिए कुछ खास और यादगार काम लेकर आऊंगी। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में इस साइनिंग को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इशिका तोरिया के नए म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रोजेक्ट्स का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## एक खूबसूरत प्रेम कहानी से कहीं ज्यादा है दो दीवाने सहर में : संदीपा धर



संजय लीला भंसाली के बैनर तले रोमांटिक ड्रामा दो दीवाने सहर में का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। यह फिल्म आधुनिक रिश्तों, भावनात्मक उलझनों और आज की तेज रफ्तार भरी जिंदगी में प्यार की बदलती परिभाषाओं को संवेदनशील तरीके से पेश करती है, जो एक साथ निजी भी हो और बेहद रिलेटेबल भी। ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों में चर्चा का विषय बन गया है। यह फिल्म मुंबई की चमक-दमक वाली जिंदगी में दो ऐसे लोगों की कहानी बताती है जो अपनी कमियों से जूझते हुए प्यार ढूंढते हैं। ट्रेलर में संदीपा धर की छोटी लेकिन प्रभावशाली एंट्री ने खासा ध्यान खींचा है। भले ही उनका स्क्रीन टाइम कम हो, लेकिन हर फ्रेम में उनका कॉन्फिडेंस और मजबूत प्रेजेंस साफ दिखता है। एक सीन में अभिनेत्री हरे रंग की खूबसूरत ड्रेस में और दूसरे में सिंपल-एलीगेंट लुक में नजर आ रही हैं।

संदीपा ने अपने स्क्रीन प्रेजेंस से उत्सुकता का तड़का लगाया है। उनकी मौजूदगी फिल्म के अर्बन और रोमांटिक मूड के साथ अच्छी तरह घुलमिल गई है। उनकी संयमित और सधी हुई एक्टिंग से लगता है कि संदीपा का किरदार भावनात्मक गहराई वाला है, जो फिल्म में आगे चलकर खुलकर सामने आएगा।

संजय लीला भंसाली जैसे बड़े फिल्ममेकर के साथ काम करना संदीपा के करियर का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अब तक ऐसे रोल चुने हैं, जो उन्हें एक बेहतर एक्ट्रेस के रूप में आगे ले जाते हैं। इसी कड़ी में दो दीवाने सहर में' से उनका जुड़ाव कंटेंट-ड्रिवन और लेयर्ड सिनेमा की ओर उनके सोच-समझकर किए गए कदम को दर्शाता है।

संदीपा ने फिल्म को लेकर कहा, फिल्म दो दीवाने सहर में का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा है। मृणाल, मेरी रोशनी, तुम्हारी परफॉर्मेंस में इतनी ईमानदारी और संवेदनशीलता है कि कई बार मैं भूल जाती थी कि तुम अभिनय कर रही हो। वहीं, रवि उदय सर, आप पलों को ऐसे कैद करते हैं कि मैं उन्हें महसूस करती हूं। अभिरूचि आनंद और पूरी टीम को शुक्रिया।

हालांकि, फिल्म में संदीपा के किरदार से जुड़ी जानकारी को गोपनीय रखा गया है, लेकिन ट्रेलर देखकर पता चलता है कि फिल्म में अभिनेत्री को एक फ्रेश, कॉन्फिडेंट और खूबसूरत अंदाज में देखा जाएगा।

## पीठ दर्द और कंधों की जकड़न से हैं परेशान? उत्तानमंडूकासन से पाए आराम



लंबे समय तक मोबाइल या लैपटॉप पर काम करना, गलत पॉश्चर में बैठना और तनाव भरी दिनचर्या शरीर को धीरे-धीरे थका देती है। ऐसे में गर्दन के दर्द, कंधों की जकडऩ या पीठ में खिंचाव जैसी परेशानियां बढऩे लगती हैं। अगर आप भी इस तरह की किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको नियमित रूप से उत्तानमंडूकासन करना चाहिए। योग केवल कुछ आसन करने का नाम नहीं है, बल्कि यह जीने की एक कला है, जो हमें अपने शरीर और मन दोनों के साथ संतुलन बनाना सिखाती है। नित्य योग के साथ अगर आप अपनी दिनचर्या को थोड़ा सा अनुशासित कर लें, तो इसका असर बहुत जल्दी महसूस होने लगता है। अगर आप अपने रोजाना के व्यायाम में उत्तानमंडूकासन को शामिल करते हैं, तो यह न सिर्फ शरीर को राहत देता है बल्कि अंदर से नई ऊर्जा भी भर देता है। उत्तानमंडूकासन खास तौर पर पीठ दर्द से जूझ रहे लोगों के लिए फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि यह रीढ़ की हड्डी को खिंचाव देता है और जकडऩ को कम करने में मदद करता है। इसके नियमित अभ्यास से ग्रीवा यानी गर्दन से जुड़ी तकलीफों में भी राहत मिल सकती है जो आजकल लगभग हर उम्र के लोगों की समस्या बन चुकी है।

यह आसन कंधों के आसपास जमी हुई अकडऩ को धीरे-धीरे खोलता है, जिससे कंधे हल्के और मुक्त महसूस होते हैं। साथ ही, छाती का विस्तार होने से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है, जिससे सांस लेना सहज और गहरा हो जाता है। जब सांस बेहतर होती है, तो शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह भी अच्छा रहता है और थकान कम महसूस होती है।

उत्तानमंडूकासन का एक और बड़ा फायदा यह है कि यह पाचन तंत्र पर भी सकारात्मक असर डालता है। पेट के अंगों पर हल्का दबाव पडऩे से पाचन क्रिया सक्रिय होती है और गैस, अपच जैसी समस्याओं में लाभ मिल सकता है।



*ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में सारा का हुस्न-ए-अंदाज, हाथ में टेलीफोन लेकर घुमाई ऐसी नजर कि घायल होना लाजमी*

## सोना आसमान पर,आर्टिफिशियल ज्वेलरी की बढ़ी मांग



आजकल फैशन और बजट दोनों को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल ज्वेलरी पर ज्यादा भरोसा किया जा रहा है। यह कीमत में काफ़ी सस्ती और देखने में बेहद शानदार लगती हैं। ट्रेंडिंग और सुंदर आर्टिफिशियल ज्वेलरी शादी, पार्टी, फेस्टिवल या रोज़मर्रा के लिए परफेक्ट रहती हैं। चलिए जानते हैं बिना भारी खर्च के आप अपने लुक को कैसे ग्लैमरस, ट्रेडिशनल और स्टाइलिश बना सकते हैं।

डेली वियर के लिए इमिटेशन गोल्ड ज्वेलरी हल्की, सिंपल और स्टाइलिश दिखती है। इसमें मिनिमल गोल्ड-टोन स्टड इयररिंग्स, पतली गोल्ड प्लेटेड चेन-पेंडेंट, स्लिम गोल्ड बैंगल्स के कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे।

कुंदन और मोती का क्लासिक कॉम्बिनेशन हल्का पर शानदार लुक देता है। यह पारंपरिक और वेस्टर्न दोनों आउटफिट में जंचता है। साड़ी और लहंगा के साथ चोकर काफी ग्लैमरस लगता है। मांग टीका के साथ भी अपना लुक कम्प्लीट कर सकते हैं।

टेंपल ज्वेलरी नॉर्मल गोल्ड ज्वेलरी से बहुत अलग होती है। इसमें डल गोल्ड का इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही खूबसूरत सी नक्काशी की जाती है, जिसमें भगवान के चित्र बने होते हैं। दुल्हनें इसके ट्रेडिशनल डिजाइन बेहद पसंद करती हैं।

पोल्की स्टाइल का स्टोन वर्क लुक में ग्रेस लेकर आते हैं। रेड/गोल्ड/ग्रीन रंग के स्टोन्स लहंगे पर शानदार दिखते हैं। पार्टी या शादी के लिए यह एकदम परफेक्ट चॉइस है।

कई लेयर्स में नेकलेस मॉडर्न ट्रेडिशनल फ्यूज़न लुक देते हैं।

# क्या आपका मस्कारा खराब हो गया है? इन 5 तरीकों से लगाएं पता

मस्कारा आंखों के मेकअप के लिए इस्तेमाल होने वाला उत्पाद है। इसे पलकों पर लगाया जाता है, जिससे वे लंबी और घनी हो जाती हैं। अगर यह खराब हो जाए तो इसका इस्तेमाल आंखों के लिए हानिकारक हो सकता है। हालांकि, यह पता लगाना थोड़ा मुश्किल होता है कि मस्कारा एक्सपायर हुआ है या सही है। आज के लेख में हम आपको 5 मेकअप टिप्स देंगे, जिनकी मदद से आप पता लगा सकेंगी कि मस्कारा खराब हुआ है या नहीं।

**दुर्गंध आना**

आम तौर पर मस्कारा में कोई महक नहीं होती है। हालांकि, अगर आपको अपने मस्कारा से अजीब-सी गंध आ रही है तो समझ जाइए कि वह खराब हो गया है। नया और सही मस्कारा हमेशा कॉस्मेटिक जैसी गंध वाला होता है। वहीं, खराब मस्करा से बदबू आने लगती है। यह बदबू बैक्टीरिया के बढ़ने के कारण पैदा होती है। इसके अलावा ज्यादा उत्पाद एक जगह जमा होने से भी बदबू आ सकती है।

**जलन महसूस होना**

अगर आप अपने खराब मस्कारा का इस्तेमाल करती हैं तो आपको आंखों में जलन या खुजली महसूस हो सकती है। खराब मस्कारा में बैक्टीरिया विकसित हो जाते हैं, जो आंखों की कोमल त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर आपको मस्करा लगाने के बाद आंखों में जलन या खुजली महसूस हो तो तुरंत उसे साफ कर लें और नया मस्कारा खरीद लें। ध्यान न देने पर आपको आखों का संक्रमण भी झेलना पड़ सकता है।

**स्थिरता बदलना**

खराब मस्कारा की स्थिरता पर ध्यान देना भी अहम है। आम तौर पर मस्कारा की स्थिरता तरल, लेकिन थोड़ी ही गाढ़ी होती है। हालांकि, खराब या पुराना होने के बाद वह सूख जाता है और चिपचिपा हो जाता है। अगर आपका मस्कारा भी सूखा है तो समझ जाएं कि उसे फेंकने का समय आ गया है। इस तरह का मस्कारा न तो आपकी पलकों को लंबा कर पाएगा और न ही कोई वॉल्यूम जोड़ पाएगा।



**लगाने में परेशानी होना**

अगर आपको मस्कारा लगाने में मुश्किल हो रही हो या वह ठीक से न लगे तो उसे इस्तेमाल करना बंद कर दें। यह भी एक संकेत हो सकता है कि आपका मस्करा खराब हो चुका है। खराब मस्कारा पलकों पर सही तरीके से नहीं लगता और लगने पर तुरंत फैल जाता है। इसके अलावा कभी-कभी खराब मस्कारा से धुंधला प्रभाव भी पड़ सकता है या फिर पलकें चिपचिपी भी हो सकती हैं।

**समाप्ति तिथि देखें**

जब भी आप नया मस्कारा खरीदने जाएं तो उसकी समाप्ति तिथि जरूर देखें। ज्यादातर मस्कारा पर समाप्ति तिथि लिखी होती है, जिसे पढ़कर आप यह जान सकती हैं कि वह कब तक सही रहेगा। इसके अलावा मस्कारा खरीदते समय उसकी पैकेजिंग और ब्रांड पर भी ध्यान दें, क्योंकि कुछ ब्रांड समाप्ति तिथि की जानकारी बहुत स्पष्ट तरीके से देते हैं। इन तरीकों से आप आसानी से जान सकती हैं कि आपकी मस्कारा खराब है या नहीं।

## शब्द सामर्थ्य -309

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 308 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## जाह्नवी कपूर के महंगे कपड़े, साड़ी भी होती है लाखों की

बॉलीवुड की दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर अपने शानदार फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। जाह्नवी का हर लुक लड़कियों के बीच ट्रेंड बन जाता है। चाहे वेस्टर्न आउटफिट हो या ट्रेडिशनल पहनावा, जाह्नवी हर मौके पर अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींच लेती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उनके इन खूबसूरत लुक्स के पीछे लाखों रुपये की कीमत छिपी होती है?



जाह्नवी कपूर आउटफिट चुनते समय ट्रेंड को फॉलो करने के बजाय अपनी पर्सनैलिटी के हिसाब से कपड़े पहनती हैं। वह हमेशा यह ध्यान रखती हैं कि किस मौके पर क्या पहनना सही रहेगा। यही वजह है कि उनका हर लुक यूनिक और क्लासी नजर आता है। हाल ही में सामने आई उनकी तस्वीरों में मिनी स्कर्ट और क्रॉप टॉप वाला लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ।

लेटेस्ट फोटोशूट में जाह्नवी कपूर ने जो मिनी स्कर्ट पहनी है, वह लग्जरी फैशन ब्रांड Miu Miu की है। इस स्कर्ट पर चेक प्रिंट और प्लीटेड डिजाइन है। ब्रांड की वेबसाइट के अनुसार इसकी कीमत करीब 2.19 लाख रुपये है। यह स्कर्ट 100त्न वर्जिन वूल से बनी है, जो बेहद सॉफ्ट और प्रीमियम मानी जाती है।

जाह्नवी का स्टाइल सिर्फ स्कर्ट तक सीमित नहीं है। उन्होंने जो ब्रालेट टॉप पहना है, वह Dolce & GabbanaKim Kardashian के कलेक्शन का हिस्सा है। मोतियों से सजा यह टॉप बेहद ग्लैमरस लगता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस टॉप की कीमत लगभग 4.6 लाख रुपये है।

ट्रेडिशनल आउटफिट्स में भी जाह्नवी का जवाब नहीं। उन्होंने मशहूर डिजाइनर Jayanti Redd का पेस्टल पिंक लहंगा पहना था, जिसकी कीमत करीब 9 लाख रुपये बताई जाती है। इस लहंगे पर हाथ से की गई जरदोजी कढ़ाई, क्रिस्टल और पर्ल वर्क किया गया है, जो इसे बेहद खास बनाता है।

# सीआईएल अंतर-कंपनी हॉकी टूर्नामेंट की विजेता बनी एसईसीएल टीम

## 24 गोलकर अपराजेय रही एसईसीएल, बेस्ट प्लेयरऑफ़ द टूर्नामेंट का पुरस्कार राजेश हेनरी को



**चरचा कॉलरी।** बिलासपुर स्थित स्व. बी.आर. यादव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैदान, बहतराई में आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड अंतर-कंपनी हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य समापन खेल भावना, अनुशासन और उच्च तकनीकी स्तर के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का सफल आयोजन एसईसीएल के तत्वावधान में किया गया।फाइनल मुकाबले में एसईसीएल और सीसीएल की टीमें आमने-सामने रहीं, लेकिन शुरुआत से ही एसईसीएल ने मैच पर नियंत्रण स्थापित कर लिया।

मिडफील्ड में सटीक पासिंग नेटवर्क, तेज काउंटर अटैक, और मजबूत जोनल डिफेंस के दम पर एसईसीएल ने सीसीएल को 6-1 के बड़े अंतर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

एसईसीएल के फॉरवर्ड खिलाड़ियों ने डी-एरिया में त्वरित मूवमेंट, रिबाउंड पर सतर्कता और फील्ड गोल कन्वर्ज़न में शानदार दक्षता दिखाई। वहीं डिफेंस लाइन ने विपक्षी हमलों को समय रहते इंटरसेप्ट कर सीसीएल को लगातार दबाव में रखा। उल्लेखनीय है कि पूरे टूर्नामेंट में एसईसीएल की टीम अपराजित रही। वह टूर्नामेंट के दौरान सीसीएल की टीम ने 24 गोल किए , टूर्नामेंट के हर मैच में जीत हासिल किया टूर्नामेंट के दौरान एसईसीएल की टीम ने अपने पहले मैच में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड बंगाल को एक तरफा मुकाबले में 8 --0 से पराजित किया दूसरे मैच में भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड बीसीसीएल को 6-- से करारी शिकस्त दी जबकि तीसरे मुकाबले में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल को 2--1 से हराया इसके पश्चात सेमीफाइनल मैच में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड को 2-1 से हराते हुए फाइनल में भी अपना विजय अभियान जारी रखा और फाइनल मैच में सीसीएल की टीम को 6-1 के भारी अंतर से हराकर टूर्नामेंट चैंपियनशिप जीत ली इस ऐतिहासिक उपलब्धि में टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी विकास शंकर ओझा वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक सीसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र का विशेष योगदान रहा, जो विगत 15 वर्षों तक एसईसीएल हॉकी टीम के कप्तान रह चुके हैं। उनके अनुभव, गेम-रीडिंग और रणनीतिक मार्गदर्शन ने युवा खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी। समापन समारोह में निदेशक (मानव संसाधन), एसईसीएल बिरंची दास मुख्य अतिथि तथा निदेशक (वित्त), एसईसीएल डी. सुनील कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अतिथियों ने विजेता एसईसीएल एवं उपविजेता सीसीएल टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर सचिव हॉकी छत्तीसगढ़, अध्यक्ष हॉकी बिलासपुर, कोल इंडिया वेल्फेयर बोर्ड सदस्य, एसईसीएल संचालन समिति, कल्याण मंडल, जेसीसी सदस्य, विभिन्न काउंसिल व एसोसिएशन के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या मेंअधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।प्रतियोगिता में प्रात: खेले गए तीसरे स्थान के मैच में एनसीएल ने सधी हुई रणनीति और संतुलित खेल का प्रदर्शन करते हुए एमसीएल को पराजित कर तृतीय स्थान हासिल किया। समापन समारोह में फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सौरभ सोनी,बेस्ट फॉरवर्ड वीरेंद्र टोप्पो,बेस्ट पुलबैक प्लेयर निखिल केरकेट्टा,बेस्ट डिफेंडर टुरा मांझी एवं बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट राजेश हेनरी को अतिथियों के द्वारा दिया गया यह प्रतियोगिता न केवल उच्च स्तरीय हॉकी कौशल का प्रदर्शन रही, बल्कि कोल इंडिया की इकाइयों के बीच टीमवर्क, अनुशासन और खेल संस्कृति को भी सशक्त करने वाला मंच साबित हुई।

### जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल

## कालीबाड़ी से बड़ीबाजार मुख्य मार्ग बदहाल-सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त



**चिरमिरी।** अहिंषा चौक काली बाड़ी से होते हुए बड़ीबाजार जाने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई सड़क के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, इसके बावजूद नगर निगम और संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अब तक गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। नागरिकों के अनुसार सड़क निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी पहले दी जा चुकी है, लेकिन उसके बाद भी काम शुरू नहीं हुआ । ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर देरी क्यों हो रही है और कब तक लोगों को इस जर्जर सड़क से गुजरना पड़ेगा। क्षेत्रवासियों ने महापौर और एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के सीजीएम से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

## पटना बाजार में विधायक ने लोगों से संवाद कर समस्या जानी, निराकरण का रास्ता भी निकाला



**कोरिया बैकुंठपुर।** जन-जन के प्रिय, इलाज वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े का पटना बाजार में आगमन हुआ। उनके आगमन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उनका आत्मीय स्वागत किया।

विधायक राजवाड़े ने पटना बाजार में आम नागरिकों, व्यापारियों, युवाओं एवं महिलाओं से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं, बिजली-पानी, सड़क, राशन, पेंशन एवं स्थानीय विकास से जुड़ी विभिन्न समस्याएं उनके समक्ष रखीं। पूर्व मंत्री ने प्रत्येक समस्या को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही चर्चा की तथा शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसंपर्क के दौरान भैयालाल राजवाड़े ने कहा कि जनसेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य रहा है और आगे भी वे जनता के सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि विधायक राजवाड़े हमेशा जमीन से जुड़े नेता रहे हैं, जो बिना किसी औपचारिकता के सीधे लोगों के बीच पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। यही कारण है कि उन्हें क्षेत्र में इलाज वाले बाबा के नाम से विशेष सम्मान और लोकप्रियता प्राप्त है। कार्यक्रम के अंत में भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि शर्मा जवाहरलाल गुप्ता सहित क्षेत्र के नागरिकों ने भैयालाल राजवाड़े का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि उनके प्रयासों से क्षेत्र की लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। उनका यह दौरा क्षेत्र में सकारात्मक संदेश देने वाला और जनविश्वास को मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ।

### भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** नगर में आस्था और श्रद्धा से ओतप्रोत भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रात:काल से लेकर रात्रि तक विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे, जिसमें न्यास, प्राण प्रतिष्ठा, हवन, आरती तथा भोग-भंडारा प्रमुख रूप से शामिल हैं। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 8:00 बजे विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठानों के अंतर्गत सर्वप्रथम न्यास एवं प्राण प्रतिष्ठा की विधि संपन्न कराई जाएगी, जिसके पश्चात हवन आयोजित होगा। हवन में आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की जाएगी।

## महाशिवरात्रि पर जगन्नाथ मंदिर पोड़ी में रुद्र महायज्ञ एवं 24 प्रहर अखण्ड हरि संकीर्तन का होगा आयोजन

**चिरमिरी।** अनंत ब्रह्माण्ड नायक भगवान श्री श्री जगन्नाथ जी की असीम अनुकम्पा से प्रति वर्ष की भांति वर्ष 2026 में भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री श्री रुद्र महायज्ञ एवं अखण्ड हरि संकीर्तन (24 प्रहर) का भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह पावन आयोजन संत श्री नागाबाबा महंत पुरुषोत्तम पुरी जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा।



कार्यक्रम का आयोजन 14 फरवरी 2026 से 18 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। अंकुरार्पण एवं अधिवास 14 फरवरी 2026, शनिवार सायं को होगा, वहीं श्री नाम संकीर्तन 15 फरवरी से 18 फरवरी 2026 (प्रात: से) प्रारंभ रहेगा। विशेष रूप से 16 फरवरी 2026, सोमवार को सायं 4:00 बजे आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह एवं चिरमिरी महापौर रामनरेश राय की उपस्थिति रहेगी। आयोजन के अंतर्गत 24 प्रहर अखण्ड हरि संकीर्तन का शुभारंभ श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजक संस्था श्री श्री जगन्नाथ सेवा संघ, चिताझोर पोड़ी, चिरमिरी क्षेत्र ने समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया है।

# क्यूआर कोड स्कैन कर वीबीजीरामजी योजना के लाभ से अवगत हुए श्रमिक

**करियर बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में आवास दिवस का आयोजन किया गया। प्रत्येक माह की सात तारीख को मनाया जाने वाले रोजगार दिवस के इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को बीवी जी राम जी योजना से अवगत कराने के लिए क्यू आर कोड स्कैन कर जानकारी प्राप्त करना भी सिखाया गया। पारदर्शिता के लिए तकनीकी के इस अभिनव प्रयोग से जुडकर ग्रामीण बेहद उत्साहित नजर आए। इस आयोजन में ग्राम पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीण जन प्रतिनिधियों की भी सहभागिता रही ।

रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस मनाए जाने के निर्देश पर सभी ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने में आ रही समस्या पर चर्चा की गई और संसाधन की उपलब्धता के लिए संबंधित आपूर्तिकर्ताओं से संपर्क किया गया। रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस मनाते हुए आज जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर महात्मा गांधी नरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित लंबित भुगतान, आवेदन, पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों पर चर्चा कर, प्रत्येक काम में ज़्यादा मानव संसाधन का उपयोग करते हुए जल्द सभी कार्य पूरा करने का निर्णय लिया गया। वी बी जी राम जी योजना से ग्रामीण विकास को नई दिशा देने में सभी की सहभागिता आवश्यक होगी। आज सभी ग्राम पंचायत में ग्रामीण श्रमिको ने अपने स्तर पर इस योजना से परिवर्तन लाने के लिए सम्पूर्ण काम पूरी मेहनत और जिम्मेदारी से करने का संकल्प लिया। साथ ही श्रमिको के हित में अधिकारों के संरक्षण पर भी बात की गई। जिले भर में आवास दिवस के अवसर पर नवीन स्वीकृत आवास हितग्राहियों के परिवारो के लिए आवास के समस्त स्वीकृत कार्यों में कार्य प्रारंभ करवाते हुए नियमानुसार पहले 30 मानव दिवस का मास्टर रोल जारी करने की प्रक्रिया की गई। साथ ही दूसरे और तीसरे स्टेज पर पहुंच चुके निर्माण कार्य को पूरा करने हेतु शेष मानव दिवस के मास्टर रोल जारी किए गए। विदित हो कि प्रत्येक आवास हितग्राहियों को 90 दिन का अकुशल रोजगार दिए जाने के निर्देश हैं। कोरिया जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा से उन्नत होकर लागू हो रही वीबीजीरामजी योजना के बारे में प्रत्येक व्यक्ति तक जानकारी ले जाने के लिए तकनीकी का प्रयोग किया जा रहा है। पहले ग्राम पंचायत में क्यू आर कोड स्कैन कर पंचायत में किए गए मनरेगा कार्यों की जानकारी प्राप्त होती थी और अब उसी स्कैनर से वीबी जीरामजी योजना के लाभ की जानकारी प्राप्त करने की व्यवस्था है। आज ग्रामीण पंजीकृत श्रमिको को मिलने वाली सभी सहूलियतों, अधिकारों और योजना की विस्तृत जानकारी भी आवास दिवस के अंतर्गत क्यू आर कोड स्कैन कर प्रदान की गई। इससे ग्रामीण श्रमिको में जी राम जी योजना पर विश्वास की नई ऊर्जा देखी गई।

## सोनहत विकासखंड की 42 ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनियमितताओं पर पंच संघ का आक्रोश



**कोरिया बैकुंठपुर।** सोनहत विकासखंड अंतर्गत आने वाली सभी 42 ग्राम पंचायतों में विगत लंबे समय से कथित रूप से मनमानी वित्तीय अनियमितताएँ एक प्रथा का रूप ले चुकी हैं। इस स्थिति को लेकर पंच संघ ने गहरी नाराजगी एवं कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। पंच संघ का आरोप है कि ग्राम पंचायतों द्वारा पंचायत की शासकीय राशि का आहरण पूरी तरह मनमाने ढंग से किया जा रहा है, जिसमें न तो पंचायत के पंचों की सहमति ली जाती है और न ही उन्हें किसी प्रकार की पूर्व जानकारी दी जाती है। पंच संघ के अनुसार, चेक के साथ संलग्न प्रस्तावों में किसी भी पंच के हस्ताक्षर कभी भी नहीं कराए जाते। राशि का आहरण पहले कर लिया जाता है और उसके बाद औपचारिकता निभाने के लिए ग्राम सभा अथवा पंचायत बैठक के प्रस्ताव रजिस्टर में बाद की तिथि में प्रस्ताव दर्ज कर दिए जाते हैं, जो कि पंचायत अधिनियम एवं वित्तीय नियमों का खुला उल्लंघन है। हाल ही में 4 एवं 5 फरवरी को संपन्न हुए एक कार्यक्रम के लिए कई ग्राम पंचायतों द्वारा मोटी रकम आहरित किए जाने का मामला सामने आया है। पंच संघ का कहना है कि इस राशि आहरण के संबंध में न तो किसी पंचायत में विधिवत प्रस्ताव पारित किया गया और न ही किसी पंच को इसकी जानकारी दी गई। इससे पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पंच संघ ने इस प्रकार की वित्तीय अनियमितताओं को गंभीर विषय बताते हुए संबंधित ग्राम पंचायतों के मनमाने कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि शीघ्र ही इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो वह रणनीति तैयार कर आंदोलनात्मक कदम उठाएगा। साथ ही, पंच संघ ने दोषी पंचायत प्रतिनिधियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध शक्त एवं दंडात्मक कार्यवाही की मांग प्रशासन से करने की बात कही है।

### सार्वजनिक स्थलों पर जन्मदिन मनाना गैरकानूनी

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोरिया पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि सार्वजनिक स्थलों पर जन्मदिन अथवा किसी भी प्रकार का जश्न मनाना गैरकानूनी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सड़क, पार्क, सार्वजनिक भवन, वाहन मार्ग अथवा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर केक काटना, शोरगुल करना या यातायात बाधित करना कानून का उल्लंघन है। पुलिस द्वारा जारी जनजागरूकता संदेश में बताया गया है कि जन्मदिन या अन्य निजी उत्सव केवल घर पर अथवा विधिवत अनुमति प्राप्त स्थानों पर ही मनाए जाएं। सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह की गतिविधियों से न केवल यातायात प्रभावित होता है, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। कई बार बच्चे और युवा उत्साह में नियमों की अनदेखी कर बैठते हैं, जिससे स्वयं के साथ-साथ दूसरों की जान को भी खतरा हो सकता है। कोरिया पुलिस ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर जन्मदिन मनाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 270 एवं 272 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### केन्द्रीय बजट को लेकर भाजपा का प्रेस वार्ता संपन्न

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला-कोरिया द्वारा केन्द्रीय बजट 2026 को लेकर रेस्ट हॉउस बैकुंठपुर मे प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। विधायक भईयालाल राजवाड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि, केन्द्रीय बजट 2026 मे मोदी सरकार का यह बजट हर वर्ग की उम्मीदों को पूरा करने वाला बजट है। इसमें समाज के हर तबके, विशेषकर किसानों, महिलाओं और युवाओं, व्यापारियों, शिक्षा, स्वस्थ्य सुविधाएं, भारत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने वाला बजट है। उन्होंने कहा केन्द्रीय बजट आत्मनिर्भर विकसित भारत के दिशा मे महत्वपूर्ण बजट है इससे सभी वर्ग के लोगो को लाभ मिलेगा। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा केन्द्रीय बजट 2026 मे किसानों के लिए मछली पालन,कोक योजना का ऐलान अखरोट एवं बादाम के किसानों के लिए विशेष योजना से किसानों को उद्यमी बनाने का विशेष प्रावधान है, केन्द्र सरकार के बजट मे स्वास्थ्य के क्षेत्र मे शुगर और कैंसर की दवाईयां सस्ती होगी, तीन नए बड़े आयुर्वेदिक अस्पताल बनाए जाएंगे साथ ही गंभीर बीमारियों की दवाइयां सस्ती होगी। इस अवसर पर विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा,जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला सह शोसल मीडिया प्रभारी राकेश गुप्ता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री मनोज साहू, पार्षद रेखा वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## शासकीय उ.मा. विद्यालय सारा में विद्यार्थियों ने योग प्राणायाम को जाना



**कोरिया बैकुंठपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, संचालनालय आयुष के मार्गदर्शन तथा जिला आयुष अधिकारी कोरिया डॉ. एलबिना ग्रेस टोप्पो एवं योग चिकित्सक डॉ. दिलीप मनहर के निर्देशन में विकासखण्ड बैकुंठपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारा में 07 फरवरी 26 को नि:शुल्क एक दिवसीय योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया।

योग शिविर का सफल संचालन प्रशिक्षित योग शिक्षक एवं योग सहायक राजेन्द्र राजवाड़े के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेखा यादव, समस्त शिक्षकगण एवं सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर प्रतिभागियों को ताड़ासन , वृक्षासन, त्रिकोणासन , भुजंगासन , वज्रासन, पद्मासन, तितली आसन, चक्की आसन, पवनमुक्तासन, शलभासन, धनुरासन, शवासन, सूर्य नमस्कार एवं मकरासन का अभ्यास कराया गया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, भ्रामरी, उज्जायी, शीतली, शीतकारी, नाड़ी शोधन, दीर्घ श्वसन एवं ध्यान प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ, सकारात्मक एवं तनावमुक्त जीवन जीने के उपाय बताए गए। योग शिविर के लाभार्थी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बताया कि इस शिविर से उन्हें अत्यंत लाभ मिला है तथा वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाए रखेंगे। भविष्य में नियमित सामूहिक योग अभ्यास एवं समय-समय पर प्रशिक्षित योग शिक्षकों को आमंत्रित करने की भी सहमति व्यक्त की गई। इस अवसर पर आयुष अधिकारी डॉ. जे. एन. मिश्रा ने आयोजन को स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल बताते हुए आयोजकों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### सड़क पर सतर्कता, जीवन की सुरक्षा सड़क सुरक्षा माह का जिला स्तरीय समापन समारोह हुआ सम्पन्य

**एमसीबी।** बीते शनिवार को जिले में आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम संचालित किया गया जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह के अवसर पर एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमसीबी पुलिस द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं नागरिकों को सुरक्षित यातायात व्यवहार के लिए प्रेरित करने की बातों पर बल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक मनेन्द्रगढ़ श्यामबिहारी जायसवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर 18वीं बटालियन मनेन्द्रगढ़ के कमांडेंट संजय शर्मा विशेष रूप से मंचासीन रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, नगर पंचायत खोगापानी की अध्यक्ष श्रीमती ललिता रामा यादव एवं नगर पंचायत लेदरी के अध्यक्ष वीरेंद्र राणा उपस्थित रहे।

# इंटरनेशनल शतरंज सेट का वितरण किया गया युवाओं को जिले में, बौद्धिक क्षमता बढ़ाने की कोशिश

**कोरिया बैकुंठपुर।** विश्व स्तर पर शतरंज को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'द गिफ्ट ऑफ चेस ऑर्गेनाइजेशन (फ़्र)' द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानकों वाले चेस सेट वितरित किए जा रहे हैं। ये वही इंटरनेशनल चेस बोर्ड हैं, जिनका उपयोग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में किया जाता है।

इसी कड़ी में आज कोरिया ज़िला शतरंज संघ द्वारा ज़िला जेल बैकुण्ठपुर ज़िला कोरिया में कैदियो में मानसिक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से जेल अधिक्षक शेख आबिद रजा के गरिमामयी उपस्थिति में 10 इंटरनेशनल शतरंज सेट का वितरण किया गया साथ ही बालगृह बैकुंठपुर के बच्चों को भी 5 इंटरनेशनल चेस का वितरण अधीक्षक चंद्रवेश सिसोदिया की मौजूदगी में किया गया इस अवसर पर कोरिया ज़िला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता एवं सचिव अब्दुल




शमीम मौजूद रहे! छत्तीसगढ़ चेस एसोसिएशन के महासचिव विनोद कुमार राठी के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में उक्त संस्थानों में नि:शुल्क इंटरनेशनल चेस सेट के वितरण का उद्देश्य बौद्धिक विकास, एकाग्रता और खेल भावना को बढ़ावा देना है,जिससे व्यक्ति में अनेकों प्रकार के कौशल का विकास होता।

# पराली दहन से पर्यावरण और स्वास्थ्य पर खतरा

**कोरबा।** जिले सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी तरह के सरकारी निर्देशों और पर्यावरणीय नियमों को दरकिनार करते हुए खेतों में पराली जलाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। धान की फसल कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों को नष्ट करने के लिए किसान खुलेआम आग लगा रहे हैं। जबकि शासन और प्रशासन द्वारा पराली जलाने पर रोक लगाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, इसके बावजूद कई क्षेत्रों में यह सिलसिला जारी है।

पराली जलाने से निकलने वाला धुआं वातावरण में प्रदूषण का स्तर बढ़ा रहा है, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि जन स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार पराली जलाने से हवा में सूक्ष्म कण (पीएम 2.5 और पीएम 10) की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे सांस, आंख और त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा खेतों में रहने वाले छोटे जीव-जंतु और मिट्टी की उर्वरता भी इससे प्रभावित होती है। सूत्रों के अनुसार कोरबा जिले के कई इलाकों से पराली जलाने के वीडियो भी सामने आए हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पराली जलाने की जानकारी होने के बावजूद पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभाग और स्थानीय प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है।



यही वजह है कि किसानों में नियमों का डर कम होता जा रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि पराली जलाने के बजाय उसके वैकल्पिक उपयोग जैसे जैविक खाद निर्माण, पशु चारा, बायोएनर्जी उत्पादन या मशीनों के माध्यम से खेत में ही अवशेष मिलाने जैसी तकनीकों को बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही प्रशासन को भी जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना होगा।



## दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ट्रैफिक का जतन

**कोरबा।** कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र मैं एक्सीडेंट की रोकथाम के लिए कई प्रकार के प्रयत्न किए - गए। इसके साथ ही लोगों को सड़क सुरक्षा जागरूकता का पाठ भी ट्रैफिक पुलिस की ओर-से पढ़ाया गया। पुलिस ने कहा कि लोगों की जान की-सुरक्षा जरूरी है इसलिए अभियान को चरणबद्ध रूप से जारी रखा जाएगा। एडिशनल एसपी लखन पटले-और एसपी सिटी प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में फील्ड स्टाफ ने-अपने सहयोगियों के साथ कोरबा के कोसाबाड़ी से मेडिकल कॉलेज सुर झगरहा तक सड़क के किनारे लगे पेड़ों पर रेडियम पट्टी लगाने के साथ पेंटिंग भी की। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भी उनकी सींग में ऐसे पट्टे लगाए गए। विशेष तौर पर रात्रि में गाड़ियों की लाइट के रिफ्लेक्ट होने से यह चमकते हैं और ऐसे में वाहन चालकों को संकेत मिलता है कि आसपास में स्थिति क्या है। रोड एक्सीडेंट को टालने के लिए यह तकनीक उपयोगी साबित हुई है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक मनोज राठौर ने बताया कि टीम के सभी सदस्यों का सहयोग इस कार्य में प्राप्त हो रहा है। ट्रैफिक टीम का प्रयास यही है कि किसी भी कारण से अनहोनी ना हो और इसमें कोई हताहत भी ना हो।

## बदल रहा समय, सतर्क रहें अभिभावक



### आमाटिकरा में ग्रामीणों से पुलिस का संवाद

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत आमा टिकरा में शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को पुलिस ने जागरूक करने विशेष सभा का आयोजन किया । मुख्य अतिथि के रूप में बांगो थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा उपस्थित रहे। ग्रामीणों को वर्तमान समय की चुनौतियों, कानून व्यवस्था और सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। वर्मा ने बालक-बालिकाओं के व्यवहार में आ रहे बदलावों पर अभिभावकों को सतर्क रहने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सशक्त समाज की नींव हैं। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों पर भी विस्तार से जानकारी दी, ताकि ग्रामीण किसी प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार न हों। जेंडर ट्रेनर लक्ष्मी देवी प्रजापति ने जेंडर समानता और समाज में इसकी आवश्यकता बताई। वहीं एस्पायर की प्रतिनिधि अंजू नेटी ने 'बालिका अधिकार सुरक्षा समिति' की संरचना, उद्देश्य और कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी। बताया कि यह समिति गांव की बालिकाओं के अधिकारों और सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगी। थाना प्रभारी की उपस्थिति में आदित्य साहू एवं ओम प्रकाश द्वारा 'बाल अधिकार सुरक्षा समिति' का विधिवत गठन कराया गया। इस अवसर पर सरपंच बाबूलाल धनुवार, उप सरपंच श्याम सिंह आर्मो, राम सिंह मरावी, पंच जगधारी श्याम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन सोनकुंवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सरपंच धनुवार ने आभार जताया।

## माइंस में अनलोड वाहन में लगी आग

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की दीपिका कोल माइंस में उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक अनलोड वाहन में आग लग गई। गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि यहां पर नहीं हुई। पुलिस ने बताया कि जिस गाड़ी में आग लगी उसमें कोयला नहीं था। इस वजह से घटना का प्रभाव बहुत ज्यादा नहीं हो सका। हालांकि आग लगने से वाहन के कुछ हिस्से में नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलने पर माइंस रेस्क्यू सेंटर के साथ-साथ आसपास की दमकल हरकत में आई। कॉफी शीघ्रता से उनकी पहुंचे मौके पर हुई और उन्होंने ऑपरेशन प्रारंभ किया। कुछ ही देर में प्रभावित वाहन को सामान्य कर लिया गया। माना जा रहा है कि आसपास में किसी व्यक्ति ने स्मोकिंग के दौरान अवशेष को इस दिशा में फेंक दिया होगा जिससे यह घटना हुई। कहा जा रहा है कि अगर संबंधित क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए गए होंगे तो निश्चित रूप से उसके फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल हो सकती है।

## चॉइस सेंटर के संचालन पर सवाल

**कोरबा।** हरदी बाजार के तहसील कार्यालय में आवंटित चॉइस सेंटर में लोगों की उपस्थिति कम हो रही है। संचालक जगत राम राठौर ने प्रशासन के अधिकारियों की जानकारी में इस बात को लाया है। उन्होंने बताया कि नईसा गांव की महिला के द्वारा हरदी बाजार में अवैध रूप से चॉइस सेंटर का संचालन किया जा रहा है। अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराने के बाद भी अवैध सेंटर को बंद करने की व्यवस्था नहीं की जा रही है।

## अंतरवर्ती फसलों पर दिया जायेगा ध्यान

**कोरबा।** प्रशासन ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कृषक समृद्धि से जुड़े सूचकांकों में सुधार के लिए सभी विभागों को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कृषि विभाग को एग्रीस्टेक पोर्टल पंजीयन, फसल बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड लक्ष्य पूर्ण करने को कहा। साथ ही आरएईओ को लक्ष्य देकर गांव स्तर पर किसान चौपाल शिविर समयबद्ध आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, मिलेट्स उत्पादन बढ़ाने, इंटरक्रॉपिंग को प्रोत्साहन, नए एफपीओ गठन, शेडनेट और पॉली बैग खेती विस्तार पर जोर दिया गया। मत्स्य पालन, पशुपालन, सिंचाई रकबा बढ़ाने, तालाब निर्माण, टीकाकरण अभियान और कोल्ड स्टोरेज प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## मृत्युंजय मंदिर में लघु रुद्र यज्ञ 12 से

**कोरबा।** नगर निगम कॉलोनी स्थित श्री महामृत्युंजय शिव मंदिर में लघु रुद्र महायज्ञ 12 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है । इसी दिन सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। 5 दिन के यज्ञ की पूर्णाहुति 16 फरवरी को होगी। मंदिर का यह 43 वा। आयोजन होगा। मंदिर के पुरोहित नागेश्वरपुरी गोस्वामी और अशुतोषपुरी गोस्वोगमी ने बताया कि पंचायती अखाड़ा 10 नाम नागा संन्यासी दिगंबर अखिलेशपूरी निरंजन मायापुरी हरिद्वार इस रुद्र महायज्ञ को संपन्न करेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के नागरिकों से सहयोग और उपस्थिति का आग्रह किया है।

## कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आज छुरी में

**कोरबा।** कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आज छुरी में आयोजित किया गया है, जिसमें जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज चौहान व कटघोरा ग्रामीण के अध्यक्ष गोरेलाल यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नंद कुमार देवांगन, जीवन यादव, लल्लू सिंह, फूलचंद कश्यप, रामगोपाल कंवर के द्वारा तैयारी की जा रही है। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जायेगा। खासकर मनरेगा योजना का नाम परिवर्तन करने पर कांग्रेसी आक्रोशित है। हर ब्लाक में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। बांकीमोंगरा ब्लाक के अध्यक्ष संजय आजाद व मधूसूदन दास के नेतृत्व में कल अनेकों कार्यकर्ता तुमान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

## भाजपा की मण्डलों में होगी बैठक

**कोरबा।** विकसित भारत जीरामजी को लेकर 10 फरवरी को कटघोरा मंडल में आयोजित किया गया है। जिला संयोजक चुलेश्वर राठौर ने ग्रामीणों क्षेत्रों के सभी मण्डलों में कार्यक्रम तय किये है। जिसके तहत 10 फरवरी को कटघोरा मण्डल की बैठक होगी। इस बैठक की तैयारी अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, पीयूश अग्रवाल, रवि साहू, डेक्रांत देवांगन के द्वारा की जा रही है। इसी तरह 12 फरवरी को भिलाई बाजार मण्डल में दिनेश राठौर के द्वारा बैठक ली जायेगी।

## हड़ताल को लेकर प्रबंधन ने बुलाई बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल में 12 फरवरी को होने वाले हड़ताल को लेकर एसईसीएल प्रबंधन काफी गंभीर हो गया है। हड़ताल का असर कम करने व उत्पादन को यथावत रखने के लिए जेसीसी की बैठक बुलाई जा रही है। कोरबा एरिया में पिछले दिनों जेसीसी की बैठक हुई, जिसमें 5 श्रमिक संगठनों के सदस्य शामिल हुए। सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखें। इस बैठक में गोपालनारायण सिंह, अरूण सरकार, मनीष सिंह, अशोक सूर्यवंशी, सुरेंद्र मिश्रा, अजीत पाण्डेय सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके पहले एसकेएमएस कार्यालय में 4 श्रमिक संगठनों की बैठक हुई जिसमें संदीप चौधरी, दिलीप सिंह, दुजराम मिलन, राजू श्रीवास्तव, नवीन सिंह, मनोज कटेरिया, संतोष टण्डन, राजेश पाण्डेय सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। सभी 4 श्रमिक संगठनों के वरिष्ठ नेताओं ने एक स्वर कहा कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए और प्रयास किये जाये। केएसएस के प्रवीण रजक व अनिल सिंह ने भी सुझाव दिये। गेवरा एरिया में भी कल 4 श्रमिक संगठनों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीके मिश्रा, दीपक उपाध्याय, विकास शुक्ला, एमपी सिंह, गिरीश शुक्ला, गिरीश जायसवाल सहित 4 संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। इसी तरह आज कुसमुण्डा कार्यालय में भी एक बैठक रखी गई है। जिसमें सौजी जॉन, एनके सिंह, मुकेश साहू, अजीत सिंह अपने-अपने सुझाव देंगे।

## शिवालयों में हो रही पर्व के लिए तैयारी

**कोरबा।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कोरबा नगर और उपनगर क्षेत्र सहित अंचल के शिवालयों में आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मध्य प्रबंधन समिति के साथ स्थानीय लोग इस काम में लगे हुए हैं। वहां पर वाइट वाशिंग के साथ श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं जुटाने की तैयारी की जा रही है। बताया गया कि कुछ स्थानों पर इस मौके पर रुद्राभिषेक सहित हवन पूजन और दूसरे अनुष्ठान भी किए जाएंगे। सामाजिक क्षेत्र में सकरी रहने वाले लोगों ने ऐसे आयोजनों को अपनी ओर से आर्थिक और अन्य स्तर पर सहयोग करना तय किया है।



*विद्यार्थियों की बढ़ाई समझ: बायोडायवर्सिटी के साथ-साथ स्नेक अवेयरनेस कार्यक्रम कोरबा जिले में चल रहा है। फॉरेस्ट के साथ मिलकर नोवा नेचर समिति ने कुदमुरा में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया उन्हें सर्पों के व्यवहार की जानकारी दी गई।*

## हनी प्रोडक्शन से मजबूती मिलेगी लोगो को



**कोरबा।** कोरबा जिले में स्वावलंबन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन के द्वारा लगातार फोकस किया जा रहा है। विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्र में हनी प्रोडक्शन को प्राथमिकता पर लिया गया है। ग्रामीणों के समूह अपने साहस और इच्छा शक्ति से इस काम में लगे हुए हैं। इस कारोबार में विशेष सफलता हासिल करने वाले विशेषज्ञों की एक टीम ने कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए उन्हें बताया कि इस मामले में आप क्या बेहतर कर सकते हैं। उनके द्वारा हनी प्रोडक्शन के नए फार्मूले और जोखिम रहित स्थिति में कामकाज को बेहतर ढंग से करने के तरीके बताए गए। उन्होंने बताया कि अपनी दिनचर्या से कुछ घंटे निकाल कर आप इस व्यवसाय में निवेश करें और यह आपको बेहतर प्रॉफिट देने का एक जरिया बनेगा। बताया गया कि संबंधित विभागों का मार्गदर्शन इस मामले में उन सभी लोगों को प्राप्त होगा जो आजीविका को बेहतर करने के लिए एक सोच रखते हैं और कम समय में आर्थिक अनुकूलता की स्थिति को प्राप्त करने की मानसिकता भी तैयार करते हैं।

* **कोरबा।** रामपुर बस्ती के तालाब के नजदीक सामुदायिक भवन में अराजकतत्वों की उपस्थिति से लोग नाराज है। उन्होंने कार्यवाही की मांग की है।

सामाजिक सरोकार

## निशक्त गायों की सेवा में जुटे हाथ, मिलती है संतुष्टि

### लखनपुर में 2 वर्ष से गुरमीत की सक्रियता

**कोरबा।** गायों की सेवा करने को लेकर लोगों की अपनी अपनी मानसिकता है। सामाजिक धार्मिक और आर्थिक निर्भरता के अलावा परोपकार जैसी चीज इसके साथ जुड़ी हुई है। सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाली गायों की सेवा को ध्यान में रखते हुए कटघोरा के लखनपुर में सुरभि गौशाला का संचालन गुरमीत सिंह कर रहे हैं। अब तक उन्होंने कई गायों को बचाने में सफलता हासिल की है।

उनके इस काम में जागरूक लोग बराबर सहयोग कर रहे हैं। गोपालन को लेकर पिछले गुरमीत लगे हुए हैं लेकिन उन्होंने गौशाला की तरफ 2 वर्ष पहले ध्यान दिया। नेशनल हाईवे और आदि सड़कों पर वाहनों की टक्कर से घायल होने वाले गायों की पूछ परख के मामले में ना तो पलक ध्यान देते हैं और ना दूसरे लोग। गुरमीत ने इस बात को ध्यान में रखा और गौ सेवा करना तय किया। उन्होंने लखनपुर में इसी इरादे से गौशाला खोली। वर्तमान में 250 के आसपास यहां पर जो गाये हैं वह सभी निशक्त हैं।



गुरमीत ने बताया कि उनकी सेवा से जो संतुष्टि मिलती है उसे शब्दों में नहीं व्यक्त कर सकते। यह अच्छी बात है कि समाज में संवेदनशील लोगों की कमी नहीं है जो इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग करते हैं।

### पशु चिकित्सकों की मिलती है मदद

रोड एक्सीडेंट में घायल और दूसरे कारण से बीमार गोवंश को ठीक करने के मामले में वेटरनरी डॉक्टर और स्टाफ की सहायता लगातार मिलते रही है। लंबे समय से इस तरह के मामलों से साक्षात्कार होने के कारण गुरमीत ने बहुत कुछ सीख लिया है। क्षेत्र के कुछ युवाओं ने इस कार्य में उनकी मदद करना तय किया है। उन्हें लगता है कि गोवन संरक्षण के दावे से यह काफी अच्छा काम हो सकता है।

### ऐसे मिली गौ-सेवा की प्रेरणा



सिख समुदाय से वास्ता रखने वाले गुरमीत का परिवार मूल रूप से अखंड भारत के लाहौर का निवासी था। पूर्ववर्ती समय में उनके दादा बचे और फिर उन्होंने मौजूदा भारत के दिल्ली का रुख किया। सेना में नौकरी के बाद परिवार पूर्ववर्ती मध्य प्रदेश आ गया। गुरमीत ने बताया कि दूसरों को गौ सेवा करते देखा और पुस्तकों में इसके बहुत सारे लाभ की जानकारी मिली तो उन्हें यह सब काम करने की प्रेरणा मिली। गौ सेवा गतिविधि विभाग में वे जिला संयोजक की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

### 30 लाख का सामान जप्त

**कोरबा।** अवैध स्क्रैप यार्ड पर उरगा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में वाहनों के पुर्जे जब्त किए। इस सिलसिले में नूर आलम को गिरफ्तार किया गया है।

किराए पर देना है
कोरबा बुधवारी बाजार के पास एचआईजी-4 नेहरू नगर स्किन केयर क्लीनिक के ऊपर प्रथम तल सर्वसुविधायुक्त व्यावसायिक उपयोग हेतु किराए पर देना है।
संपर्क करें
मो. नं.-98263 89894

हार्दिक बधाई
केएसएस कोरबा एरिया के महामंत्री अनुप सरकार को सीटू का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई...

विनित- अनिल सिंह अध्यक्ष, प्रवीण रजक सचिव जीएम शाखा-केएसएस, कोरबा




शादी कार्ड एवं थैला प्रिंट

अभिषेक ऑफसेट प्रिंटर्स
होटल आकाश के बगल में टी.पी. नगर, कोरबा 9425223290, 9691071600

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com